उज्जैन
शुक्रवार
22
मई, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-198
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



रंगभेद पर छलका उल्का गुप्ता का दर्द बोलीं सिर्फ गोरे बच्चों को मिलता था ऑडिशन का मौका...

पेज- 8

## पुलवामा हमले में शामिल आतंकी हमजा बुरहान की हत्या

**इस्लामाबाद।** 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में शामिल आतंकी हमजा बुरहान की पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। न्यूज एजेंसी के मुताबिक हमजा पर गुरुवार को मुजफ्फराबाद के एएआईएमएस कॉलेज के बाहर अज्ञात हमलावरों ने कई गोलियां चलाई, जिनमें से तीन उसके सिर में लगीं। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। हमजा बुरहान जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले का रहने वाला था। वह पहले आतंकी संगठन अल बद्र से जुड़ा था और बाद में अल बराक के लिए काम करने लगा। वह मुजफ्फराबाद के चीला बांदी इलाके में भारी सुरक्षा के बीच रह रहा था।



## पंजाब बॉर्डर से गाड़ी लेकर भारत में घुस रहे 2 पाकिस्तानी गिरफ्तार

**अमृतसर।** अमृतसर में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर सीमा सुरक्षा बल जवानों ने अवैध तरीके से भारत में दाखिल हुए 2 पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से एक गाड़ी भी बरामद की गई है। इस संबंध में सुरक्षा एजेंसियां दोनों से पूछताछ कर रही हैं। जानकारी के अनुसार, दोनों व्यक्ति पाकिस्तान के कसूर इलाके में दुकानों पर अलग-अलग सामान सप्लाई करने का काम करते थे। इसी दौरान वे अपनी निजी गाड़ी में सीमा पार करते हुए भारतीय क्षेत्र में पहुंच गए, जहां बीएसएफ जवानों ने उन्हें तुरंत हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार नागरिकों की पहचान मोहम्मद सलीम पुत्र नजीर अहमद (60), निवासी नास्टर कॉलोनी, फिरोजपुर रोड, लाहौर और अमीर नवाज पुत्र मोहम्मद नवाज (40 ), निवासी जसहीन टाउन, गज्जी रोड लाहौर के रूप में हुई है।

## होर्मुज में जहाजों से फीस वसूलने की तैयारी में ईरान

**तेल अवीव।** ईरान और ओमान होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर फीस वसूली के सिस्टम को लेकर बातचीत कर रहे हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान की नई बनाई गई पर्सियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी ने कहा कि उसने होर्मुज स्ट्रेट के मैनेजमेंट सुपरविजन एरिया की सीमा तय कर दी है। अथॉरिटी के मुताबिक, यहां से गुजरने के लिए परमिट जरूरी होगा। फरवरी में अमेरिकी और इजराइली हमलों के बाद ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में कमर्शियल ट्रैफिक लगभग रोक दिया था। इससे अंतरराष्ट्रीय शिपिंग प्रभावित हुई और ऊर्जा कीमतों में तेजी आई।



## सेंट्रल अमेरिकी देश होंडुरास में गोलीबारी 25 की मौत

**वाशिंगटन।** होंडुरास में गुरुवार को हुए दो अलग-अलग हमलों में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई। इनमें 19 मजदूर और 6 पुलिसकर्मी शामिल हैं। अधिकारियों के मुताबिक, दोनों हमलों में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोलीबारी की। पहला हमला उत्तरी होंडुरास के त्रूजिलो शहर में एक प्लांटेशन पर हुआ। पब्लिक प्रॉसिक्यूटर ऑफिस के प्रवक्ता यूरी मोरा ने बताया कि हमले में 19 मजदूर मारे गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह इलाका लंबे समय से जमीन विवाद और कृषि संघर्षों का केंद्र रहा है। पर्यावरण कार्यकर्ताओं पर हमलों को लेकर भी यह क्षेत्र पहले चर्चा में रहा है। दूसरा हमला ग्वाटेमाला सीमा के पास ओमोआ शहर में हुआ, जहां बंदूकधारियों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। इसमें 6 पुलिसकर्मी मारे गए, जिनमें एक वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल है।

### चोरों की तरह दैनिक अवंतिका प्रेस परिसर में घुसा जनसंपर्क कर्मी

# बिना अनुमति के वीडियोग्राफी करते पकड़ा गया कपिल मिश्रा

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**



जनसंपर्क कर्मी कपिल मिश्रा एक बार फिर बौराया है। बदमिजाजी के लिए इसके ही कार्यालय में पंजीबद्ध शिकायतों का आरोपित गुरूवार देर शाम चोरों की भांति दैनिक अवंतिका प्रेस में घुस आया। बगैर किसी आदेश के अवैध रूप से निजी क्षेत्र में विडियोग्राफी करते पकड़ा गया है। इसके साथ आए एक प्रशासकीय अधिकारी ने भी इसे कहा कि लिखित सूचना के उपरांत ही ऐसा किया जाना था।



गुरूवार देर शाम सियासती षड्यंत्र के तहत जनसंपर्क कर्मी कपिल मिश्रा दैनिक अवंतिका के कार्यालय की और से घुसते हुए निजी आवासीय परिसर में होता हुआ प्रेस परिसर तक बगैर अनुमति के अवैध रूप से निजी क्षेत्र की वीडियोग्राफी करवा रहा था। ये अपने साथ गलत जानकारी देकर एक प्रशासकीय अधिकारी एवं एक विद्युत कंपनी के अधिकारी को भी लाया था। गौरतलब है कि संपूर्ण भवन में तीन अलग-अलग भाग हैं। इसमें एक भाग आवासीय स्थिति है। एक भाग में दैनिक अवंतिका कार्यालय, एक भाग में आवासीय परिसर, एक भाग में मुद्रणालय और प्रसार से संबंधित कार्य किए जाते हैं। बगैर अनुमति और सूचना के आया जनसंपर्क कर्मी मिश्रा आपराधिक तरीके से निजी क्षेत्र में वीडियोग्राफी करते कर्मचारियों की सूचना पर संपादक संदीप मेहता द्वारा पकड़ा गया। इससे सवाल किया गया तो यह अन्यानेक प्रकार की बातें करते हुए पीआईबी की सूचना का उल्लेख करने लगा साथ ही जानकारियों की बात कहने लगा।

### इंगोरिया एवं उन्हेल के पत्रकारों के साथ अभ्रदता का काम कर चुका मिश्रा

इस पर श्री मेहता ने इसे लिखित रूप से सूचित करने एवं अनुमति लेकर निजी क्षेत्र में प्रवेश एवं वीडियोग्राफी का कहा तो यह निरूत्तर हो गया। साथ आए प्रशासकीय अधिकारी ने इसके गैर जिम्मेदार तरीके की स्थिति को भांपते हुए इस दौरान कहा कि वैधानिक तरीका सूचना एवं लिखित रूप से अवगत करवाकर आना ही है। इसी का पालन किया जाना चाहिए था। इसके बाद सभी वहां से रवाना हो गए। इससे पूर्व यह प्रसार जांच के नाम पर दैनिक अवंतिका के इंगोरिया एवं उन्हेल के वरिष्ठ पत्रकारों के साथ अभ्रदता एवं बर्गलाने का काम कर चुका है।

## एसबीआई बैंक कल से 6 दिन बंद

### आज निपटा लें जरूरी काम, 23 से 28 मई तक नहीं होगा कामकाज

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक रइकके ग्राहकों को ब्रांच से जुड़े अपने सभी जरूरी काम आज (22 मई, शुक्रवार) ही निपटा लेना चाहिए। ऐसा इसलिए, क्योंकि 23 मई से 28 मई 2026 के बीच रइककी ब्रांच लगातार 6 दिनों तक बंद रह सकती हैं। इसकी मुख्य वजह वीकेंड, कर्मचारियों की प्रस्तावित दो दिन की हड़ताल और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से बकरीद (ईद-उल-अजहा) के लिए घोषित दो दिन की छुट्टियां हैं।

- **वीकेंड की छुट्टियां:** 23 मई को महीने का चौथा शनिवार है और 24 मई को रविवार है। नियम के मुताबिक, देश के सभी बैंकों में हर महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को छुट्टी रहती है, जिसके कारण इन दो दिनों में बैंक बंद रहेंगे।
- **एसबीआई स्टाफ की हड़ताल:** ऑल इंडिया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ फेडरेशन ने अपनी कई मांगों को लेकर 25 और 26 मई (सोमवार और मंगलवार) को देशभर में दो दिन की हड़ताल का प्रस्ताव दिया है। इससे बैंकों के कामकाज पर सीधा असर पड़ सकता है।
- **बकरीद की छुट्टी:** भारत के अलग-अलग राज्यों में बकरीद का त्योहार अलग-अलग दिन मनाया जाएगा, जिसके लिए फ्इकने दो दिन की छुट्टियां तय की हैं। देश के अधिकांश हिस्सों में 27 मई को बकरीद के कारण रइकबंद रहेगा, जबकि कुछ हिस्सों में 28 मई को छुट्टी रहेगी। वहीं जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में 27 और 28 मई दोनों दिन बैंक बंद रहेंगे।

## 35 शहरों में रात का पारा 30 डिग्री

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

देश में जारी गर्मी से फिलहाल राहत के आसार नहीं हैं, इस बार सबसे बड़ा खतरा ये है कि दिन की हीटवेव के बाद रातें भी गर्म बनी हुई हैं। देश के 35 शहरों में गुरुवार को रात का पारा 30 डिग्री से ऊपर रहा। सबसे ज्यादा 33.7 डिग्री तापमान राजस्थान के हनुमानगढ़ में रहा।

देश का आधा से ज्यादा हिस्सा गर्मी से तप रहा है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान सहित 10 राज्यों के 24 शहरों में गुरुवार को पारा 45 डिग्री के ज्यादा रहा। यूपी का बांदा 47.6 डिग्री के साथ लगातार 5वें दिन देश का सबसे गर्म शहर रहा। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में 47डिग्री तापमान रहा। यूपी में अगले 3 दिन हीटवेव का रेड अलर्ट है। बिहार के पटना और गयाजी में गर्मी के कारण 22 से 26 मई तक 5वीं तक के स्कूल बंद किए गए हैं। वहीं, राज्य के मधेपुरा और सहरसा में गुरुवार को बारिश हुई, इस दौरान बिजली गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई।

## कॉकरोच जनता पार्टी के इंस्टाग्राम पर 1.93 करोड़ फॉलोअर्स

### बीजेपी से दोगुने, पुराना एक्स अकाउंट ब्लॉक, नया- कॉकरोच इज बेक लिखा- कॉकरोच मरते नहीं

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

डिजिटल संगठन कॉकरोच जनता पार्टी के इंस्टाग्राम पर 24 घंटे में फॉलोअर्स दोगुने हो गए हैं। अब ये आंकड़ा 193 करोड़ (19.3 मिलियन) पहुंच गया है। जो देश की किसी भी राजनीतिक पार्टी से ज्यादा हैं।

भारतीय जनता पार्टी के 90 लाख और कांग्रेस के 134 करोड़ फॉलोअर्स हैं। सीजेपी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने पार्टी के इंस्टाग्राम अकाउंट हैक करने की कोशिश का आरोप भी लगाया है।

21 मई को सीपीजे का एक्स अकाउंट ब्लॉक कर दिया गया था। जब पुराना अकाउंट बंद हुआ, तब 1.93 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स थे। संगठन ने कुछ देर बाद नया अकाउंट बनाया। इसका नाम कॉकरोच इज बैक रखा गया और बायो में लिखा- कॉकरोच डोंट डाय यानी कॉकरोच मरते नहीं। नए अकाउंट से पहली पोस्ट कल दोपहर 2:29 बजे की गई थी। शुक्रवार सुबह 9.30 बजे तक इसके एक्स पर 1.26 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हो गए हैं। सीजेआई सूर्यकांत ने 15 मई को देश के बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच कहा था।

# 25 मई से नौतपा की शुरूआत

### कुछ स्थानों पर वेग से आंधी आने के भी योग

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, इस वर्ष 25 मई से नौतपा की शुरूआत होने जा रही है, जो अगले 9 दिनों तक यानी 2 जून तक रहेगी। जिससे आम जनजीवन प्रभावित होगा।

नौतपा के दौरान जितनी अधिक गर्मी पड़ती है, वर्षा के योग उतने बढ़िया बनते हैं। नौतपा की तपिश से विद्वान आने वाली बारिश की अटकले लगाते हैं।

ज्येष्ठ महीने का भारतीय संस्कृति और ज्योतिष शास्त्र में बहुत महत्व है। इसी महीने में बड़े मंगलवार भी आते हैं। इसी महीने सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते हैं और नौतपा शुरू हो जाता है, जिसकी अपनी एक अलग महत्व है। वैसे तो नौतपा का पूरा सर्कल यानी गोचर 15 दिन का होता है लेकिन इसे नौतपा इसलिए कहा जाता है क्योंकि इन 9 दिन में धरती में प्रचंड गर्मी पड़ती है और देश के अनेक भागों में लू व धूल भरी आंधी




चलती है। धरती का तापमान तेजी से बढ़ जाता है और गर्मी अपने पूरे तेवर दिखाना शुरू कर देती है।

### क्या होता है नौतपा

नौतपा गर्मियों के वे 9 सबसे गर्म दिन होते हैं, जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है। आमतौर पर यह अवधि 25 मई से 2 जून तक होती है। इन दिनों भीषण गर्मी और लू चलती है, जिसका धार्मिक और वैज्ञानिक दोनों दृष्टिकोण से विशेष महत्व है।

### नौतपा का महत्व और प्रभाव

ज्योतिषीय मान्यता: ज्योतिष के अनुसार, इन 9 दिनों में सूर्य और पृथ्वी की दूरी कम हो जाती है, जिससे सूर्य की किरणें सीधी धरती पर पड़ती हैं और तापमान अपने चरम पर पहुंच जाता है।कृषि के लिए वरदान: किसान कहावतों के अनुसार, नौतपा का तपना अच्छी बारिश (मानसून) का संकेत होता है। भीषण गर्मी से जमीन गर्म होकर कम दबाव का क्षेत्र बनाती है, जो समुद्र की नम हवाओं को आकर्षित कर बारिश में मदद करती है।

**इन दिनों क्या करें और क्या नहीं**

**सावधानी:** इन नौ दिनों में तेज धूप, हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ जाता है। धूप में निकलने से बचें, खूब पानी और ओआरएस पिएं।

### वैज्ञानिक दृष्टिकोण

विज्ञान सीधे तौर पर नक्षत्रों की स्थिति को गर्मी का कारण नहीं मानता, लेकिन मौसम चक्र के अनुसार मई के अंत और जून की शुरूआत में सूर्य उत्तरी गोलार्ध के सबसे करीब होता है, जिससे वास्तव में प्रचंड गर्मी और हीट वेव (लू) की स्थिति बनती है।



## खबर एक नजर...

### एक कार से मिले 19 लाख रुपए, पुलिस ने वाहन रोककर ली थी तलाशी

**उज्जैन।** उज्जैन से करीब 48 किमी दूर महिदपुर रोड पर एक बोलेरो गाड़ी से 19 लाख रुपए कैश मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर ड्राइवर से पूछताछ शुरू कर दी। मामले की जानकारी उज्जैन इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को भी दे दी गई है। महिदपुर रोड पुलिस के अनुसार बोलेरो गाड़ी में बड़ी मात्रा में कैश होने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस ने वाहन रोककर तलाशी ली, जिसमें करीब 19 लाख रुपए बरामद हुए। यह रकम कहां से लाई जा रही थी और कहां ले जाई जा रही थी, फिलहाल इसका खुलासा नहीं हो पाया है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के अधिकारियों की टीम उज्जैन से महिदपुर रोड के लिए रवाना हो गई है। टीम के पहुंचने के बाद ही मामले में विस्तृत जानकारी सामने आ सकेगी। सूत्रों के मुताबिक जिस बोलेरो गाड़ी से कैश मिला है, वह नागदा की गोल्डन केमिकल कंपनी की बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### पशु-पक्षियों के लिए जल पात्र रखे, रहवासियों ने कहा- हम रोज भरेंगे



**उज्जैन।** शहर में भीषण गर्मी के बीच बेजुबान पशु-पक्षियों को राहत देने के लिए कर्म सेवा धर्म सेवा परिवार ने हर साल की तरह इस बार भी अलग-अलग जगह जल पात्र लगाकर पशु-पक्षियों, श्वान, छोटे जीव-जंतुओं की प्यास बुझाने के लिए यह व्यवस्था की। संस्था अध्यक्ष दर्शन ठाकुर ने बताया जल पात्र लगाने के लिए उन स्थानों को चिह्नित किया गया, जहां जीव-जंतुओं का आवागमन ज्यादा रहता है। अभियान का उद्देश्य यही है कि गर्मी में कोई जीव प्यासा न रहे और मानवीय संवेदना के साथ सेवा का संदेश लोगों तक पहुंचे। संस्था ने जल पात्र लगाने के साथ जागरूकता भी बढ़ाई। रहवासियों से रोज पात्रों में नियमित पानी भरने का संकल्प कराया ताकि व्यवस्था लगातार बनी रहे। अभियान में शाश्वत पंड्या, हिमांशु पंड्या, मुगीज खान, ऋतुराज सिंह तंवर, सौरभ नागर, मनीष विश्वकर्मा सहित नागरिकों ने भी सहभागिता की।

### प्रतिभाओं को कृष्ण बसंती इंटरनेशनल अवार्ड से नवाजा

**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय परिसर के वाग्देवी हॉल में अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी हुई। इसी के साथ कृष्ण बसंती अंतरराष्ट्रीय अवार्ड-2026 समारोह भी हुआ जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चयनित उत्कृष्ट योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में डॉ. शैलेंद्र कुमार की नई पुस्तक प्राचीन भारत की खोज का विमोचन भी हुआ। पुस्तक की सामग्री संकेत के रूप में लोक-गाथा के... का विशेष उल्लेख किया गया।

### पुजारी त्रिवेदी को मिला नेपाल सम्मान-2026

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर के पुजारी रमण त्रिवेदी को नेपाल में आयोजित समारोह में नेपाल सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। पुरस्कार वर्ल्ड बुक ऑफ लंदन के सीईओ संतोष शुक्ला, नेपाल की उप सभापति भवानी राणा, नेपाल की सांसद इंदिरा राणा, अमेरिका की जेक्लीन ने दिया। अतिथियों ने उन्हें शाल, श्रीफल, सम्मान-पत्र, पुरस्कार सौंपा। पुरस्कार लेते समय मंच पर त्रिवेदी की पत्नी निर्मला त्रिवेदी भी मौजूद रहीं। पं. त्रिवेदी ने बताया यह सम्मान धार्मिक सेवा, सामाजिक सेवा के क्षेत्र में काम के लिए मिला है।

---

#### उज्जैन में स्वास्थ्य विभाग ने देर रात कार्रवाई

# दो अवैध क्लीनिक सील, मिलीं अनियमितताएं










**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

उज्जैन में स्वास्थ्य विभाग ने देर रात कार्रवाई करते हुए दो अवैध क्लीनिकों को सील कर दिया। इनमें भेरूगढ़ रोड स्थित श्रीसिद्धि हेल्थ केयर सेंटर और आगर रोड, इंदिरा नगर स्थित निरामय क्लीनिक शामिल हैं। जांच के दौरान दोनों ही स्थानों पर गंभीर अनियमितताएं पाई गईं।

श्रीसिद्धि हेल्थ केयर सेंटर में बच्चों सहित कई मरीज भर्ती पाए गए। क्लीनिक में 8 से 10 बिस्तरों पर मरीजों का इलाज चल रहा था और उन्हें ड्रिप चढ़ाई जा रही थी। जांच टीम को मौके पर कोई बाल रोग विशेषज्ञ या महिला नर्सिंग स्टाफ नहीं मिला, जबकि महिला मरीज भी भर्ती थीं। मुख्य डॉक्टर भी अनुपस्थित थे, और तीन से चार युवक मरीजों की देखभाल करते तथा ड्रिप लगाते हुए पाए गए।

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि क्लीनिक संचालक डॉ. राम राठौर का पंजीयन 31 मार्च 2026 को समाप्त हो गया था, फिर भी एलोपैथी उपचार जारी था। मौके से एलोपैथी दवाइयां और उपचार सामग्री जब्त की गई।

दूसरी ओर, आगर रोड, इंदिरा नगर स्थित निरामय क्लीनिक की जांच में पाया गया कि इसके संचालक डॉ. पलाश जैन के पास इलेक्ट्रो होम्योपैथिक सिस्टम ऑफ मेडिसिन की डिग्री थी, जिसे मान्यता प्राप्त नहीं है। क्लीनिक के बोर्ड पर घुटनों का दर्द, साइटिका, बदन दर्द, कमर दर्द, नसों में खिंचाव, झुनझुनी, पाइल्स, फिशर, फंगल इन्फेक्शन और बालों का झड़ना जैसे सामान्य रोगों के उपचार का दावा किया गया था। स्वास्थ्य विभाग ने इसे नियम विरुद्ध मानते हुए क्लीनिक को सील कर दिया।

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि जिले में अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों और बिना अनुमति उपचार करने वालों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# गरोठ-उज्जैन रोड पर चलती कार में लगी आग



**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

गरोठ-उज्जैन मार्ग पर गुरूवार रात चलती कार में आग लगी गई। गनीमत रही कि चालक ने धुआं निकलने और बदबू आने पर ब्रेक लगा दिये, जिसके चलते उसकी जान बच गई।

ग्राम धतरावदा का रहने वाला असीम पटेल कार क्रमांक एमपी 13 एएफ 3290 से गरोठ-उज्जैन मार्ग से अपने गांव की ओर जा रहा था। उसी दौरान बदूब आने लगी। असीम ने कार रोका, लेकिन उसमें से धुआं निकलने लगा। वह नीचे उतारा और बोनट खोलकर देखने का प्रयास करने लगा, तभी अचानक आग की तेज लपट निकली। असीम ने भाग कर खुद की जान बचाई, लेकिन कार को लपटो ने पूरी तरह से अपनी चपेट में ले लिया। कार में लगी आग की सूचना फायर बिग्रेड कर्मचारियों को मिली तो मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया, इस बीच कार पूरी तरह से जल चुकी थी। आशंका जताई जा रही है कि वायरिंग में शार्ट सर्किट होने से आग लगी है।

# 18 बच्चों ने टेलिस्कोप से देखा चंद्रमा-बृहस्पती ग्रह




**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

सात दिवसीय आकाशीय अवलोकन शिविर के प्रथम दिन गुरूवार को 18 बच्चों ने टेलिस्कोप से चंद्रमा-बृहस्पती ग्रह के साथ उपग्रहों को देखा। दोनों ग्रह एक जैसे दिखाई दे रहे थे। जिसका अंतर वेधशाला अधीक्षक द्वारा समझाया गया।

शासकीय जीवाजी वेधशाला अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र कुमार गुप्त ने बताया कि वर्तमान में सूर्यास्त के बाद आकाश में पश्चिम दिशा में लट्टू की तरह चमकदार शुक्र ग्रह को देखा जा रहा है। आकाश में लगभग 60 अंश पर चमकदार बृहस्पति ग्रह भी दिखाई दे रहा है। जिसके अवलोकन और खगोलीय पिंड़ों में रूची रखने वालों के लिये 21 से 28 मई तक ग्रीष्मकालीन आकाशीय अवलोकन शिविर की शुरूआत की गई है। गुरूवार को प्रथम दिन 18 लोग आकाशीय ग्रहों का अवलोकन करने पहुंचे थे। इस दौरान 8 इंच व्यास के टेलिस्कोप से सभी को चंद्रमा, बृहस्पती के साथ उपग्रहो का नजारा दिखाया गया। बच्चों ने करीब से चंद्रमा और बृहस्पती ग्रह को देखा तो दोनों एक जैसे दिखाई दिये। जिसके चलते उन्होने उत्सुकता से दोनों ग्रहों के बारे में जानकारी ली। वेधशाला अधीक्षक ने दोनों की सतह के माध्यम से अलग-अलग होना बताया। बच्चों ने चमकदार ग्रह शुक्र को भी टेलिस्कोप के माध्यम से काफी करीब देखा। करीब 2 घंटे तक शिविर में वेधशाला पर्यवेक्षक दीपक गुप्ता द्वारा ग्रहों को देखने वाले प्रतिभागियों को जानकारी दी। ग्रहों के अवलोकन का शुल्क 20 रुपए प्रति प्रतिभागी रखा गया है। वहीं 10 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों को अवलोकन कराया जा रहा है।

#### नागझिरी थाना क्षेत्र के लालपुर स्थित शासकीय बालगृह से शौचालय का वेंटिलेशन तोड़कर 3 बालक भाग निकले थे

# शाजापुर में मिला बालगृह से भागा बालक, तीसरे का पता नहीं चल पाया

### दूसरे गुजरात के कच्छ में तीसरे की तलाश जारी

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

शासकीय बालगृह से भागे 3 बच्चों में से एक को शाजापुर से दस्तायब कर लिया गया। दूसरे की जानकारी गुजरात के कच्छ में होना सामने आई है। जिसकी दस्तयाबी के लिये टीम रवाना की जायेगी। तीसरे का पता नहीं चल पाया है। जिसकी जानकारी जुटाने के प्रयास जारी है।

नागझिरी थाना क्षेत्र के लालपुर स्थित शासकीय बालगृह से 5 मई को शौचालय का वेंटिलेशन तोड़कर 3 बालक भाग निकले थे। बालगृह की ओर से तीनों के पलायन करने की शिकायत नागझिरी थाना पुलिस को दर्ज कराई गई थी। पुलिस लगातार तीनों की तलाश में लगी थी। 16 दिन बाद गुरूवार को पुलिस ने एक बालक को शाजापुर से दस्तयाब कर लिया। वह मूलरूप से शाजापुर का रहने वाला है। जिसे उज्जैन लाया गया और कोर्ट में पेश कर बयान दर्ज कराये गये। पुलिस के अनुसार बालक ने बताया कि उसे अंदेशा था कि बाल समिति उसे किसी अन्य जगह ना भेज दे, इसकी के चलते उन्होने भागने की योजना बनाई थी और मौका मिलने पर वेंटिलेशन तोड़कर भाग निकले थे। कुछ दिन इंदौर में रहा और वहां से शाजापुर चला गया था। एएसआई द्वारिका प्रसाद ने बताया कि दस्तयाब बालक 27 अप्रैल 2026 को बाल कल्याण समिति शाजापुर द्वारा उज्जैन के बालगृह भेजा गया था। माता-पिता के विवाद में उसे शाजापुर के बाल कल्याण समिति शाजापुर में रखा गया था। उसके साथ भागे दूसरे बालक की जानकारी भी सामने आई, उसे गुजरात स्थित कच्छ बाल समिति ने दस्तयाब कर लिया है। जहां से उज्जैन लाने के लिये टीम रवाना की जायेगी। उक्त बालक नागदा का रहने वाला है। तीसरा बालक भी नागदा का निवासी है जिसका पता लगाने के प्रयास जारी है।

उज्जैन
शुक्रवार
22
मई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

**माता शत्रुः पिता वैरी येन बालो न पाठितः।**
**न शोभते सभामध्ये हंसमध्ये बको यथा।।**

**अर्थः** जो अपने बच्चे को शिक्षा नहीं देता, ऐसी माँ शत्रु के समान होती है और उसका पिता शत्रुतापूर्ण होता है; क्योंकि हंसों के बीच बगुले की तरह ऐसा आदमी विद्वानों की सभा को शोभा नहीं देता!

## खबर एक नजर...

### बदमाशों ने चार गोलियां मारी, मौके पर हुई मौत

**इंदौर।** लसूडिया इलाके में गुरुवार रात को बदमाशों ने एक युवक को चार गोलियां मार दीं। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, घटना गुलाब बाग कॉलोनी की है। यहां अभयेंद्र सिंह पुत्र अटल सिंह तोमर, निवासी अग्रवाल कॉलोनी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुरानी रंजिश के चलते इस पूरे घटनाक्रम को अंजाम दिया गया। बताया जा रहा है कि साल 2024 में अभयेंद्र ने गोलीकांड को अंजाम दिया था। संभवतः उसी का बदला लेने के लिए आरोपियों ने गुरुवार रात उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। भिंड मे अभयेंद्र ने विष्णु यादव हत्याकांड को अंजाम दिया था। 4 माह पहले अभयेंद्र जेल से छूटा ओर इंदौर मे रहने लगा। गुलशन ओर उसके साथियो ने रैकी की ओर गुरूवार रात पूरे हत्याकांड को अंजाम दिया। अभयेंद्र भिंड मे रेत के कारोबार से जुडा था। यहां भी कांटेक्ट्रर का काम कर रहा था। इस हत्याकांड को अभी तोमर ने अंजाम दिया था। इसी का बदला लेने के लिए मृतक के भाई गुलशन यादव और उसके चार साथियों ने अभियेन्द्र की हत्या कर दी।

### युवक ने सुसाइड से पहले बनाया वीडियो, कहा- पत्नी, उसकी बहनें और मां ने किया दुरुपयोग

**इंदौर।** इंदौर के छोटी ग्वालटोली में रहने वाले एक सिक्योरिटी गार्ड ने गुरुवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुसाइड से पहले उसने एक वीडियो बनाया, जिसमें पत्नी और ससुराल पक्ष पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। छोटी ग्वालटोली मे किबे कंपाउड निवासी प्रवीण निगामा ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। आत्महत्या से पहले बनाए गए वीडियो में उसने पत्नी और सास समेत ससुराल पक्ष के लोगों पर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। मामले की सूचना मिलने के बाद आजाद नगर पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस ने वीडियो को भी जांच में शामिल किया है। प्रवीण ने वीडियो में कहा मैं अपने आप को खत्म कर रहा हूं। अब मैं जी नहीं सकता। इतने दिनों से मेरा दुरुपयोग किया गया है। पत्नी, उसकी दोनों बहनें और मां ने मेरे साथ गलत किया है। मैं अब मर रहा हूं। प्रवीण एमवाय अस्पताल में निजी सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर काम करता था। वह पिछले तीन साल से यहां सेवाएं दे रहा था। जानकारी के मुताबिक, जिस एजेंसी में वह कार्यरत था, वहां उसका कुछ भुगतान भी लंबित था। हालांकि, पुलिस फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

### डेली कॉलेज चुनावः भाटिया 124 वोटों से जीते, देर रात बोर्ड के 8 नाम भी तय किए

**इंदौर।** डेली कॉलेज के न्यू डोनर श्रेणी के गुरुवार को हुए चुनाव में हरपाल सिंह भाटिया 124 वोटों से विजयी हुए। उन्होंने निकटतम प्रतिद्वंदी राजेश अग्रवाल को परास्त किया। सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान हुआ, इसके बाद शाम 7 बजे मतगणना पूरी हुई। पुराने दानदाताओं की श्रेणी में विक्रम सिंह पंवार और प्रियव्रत सिंह खिलचीपुर पहले ही निर्विरोध निर्वाचितहो चुके थे। गुरुवार को दरबार हॉल में बने दो बूथ पर मतदान शांतिपूर्वक हुआ। परिणामों की घोषणा के बाद बोर्ड मेंबर्स के नाम भी तय हो गए। ओल्ड डेलियन एसोसिएशन के उपाध्यक्ष नवनीत बागड़ी और मीडिया प्रभारी नीलेश अग्रवाल को कमेटी में से बोर्ड के सदस्य बनने के लिए चयनित किया गया। निपुण अग्रवाल को तीसरे प्रतिष्ठित ओडीए सदस्य के रूप में नामित किया गया। दो शासकीय प्रतिनिधियों की घोषणा शुक्रवार को हो सकती है। पालक संघ से करण नारसरिया और संजय पाहवा को नामित किया गया है। इस प्रकार बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के 8 सदस्यों के नामों पर गुरुवार रात मोहर लग गई।

### सागर से दिल्ली तक नेटवर्क, बड़े नेता, अफसर और कारोबारियों के जुड़े होने की आशंका

# हनीट्रैप में पूर्व भाजपा नेत्री और हेड कॉन्स्टेबल गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में शराब कारोबारी चिंटू ठाकुर को धमकाने से जुड़े हनी ट्रैप-2 मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सागर निवासी रेशु उर्फ अभिलाषा और इंदौर पुलिस की इंटेलिजेंस विंग में पदस्थ हेड कॉन्स्टेबल विनोद शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है।

दोनों को मजिस्ट्रेट के बंगले पर पेश किया गया। वहां से कोर्ट ने उन्हें 25 मई तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया। इस हाई प्रोफाइल मामले की गंभीरता को देखते हुए दिल्ली से इंटेलिजेंस ब्यूरो के अधिकारियों ने भी इंदौर पुलिस से पूरे केस की जानकारी जुटाई है। सूत्रों के अनुसार, इस नेटवर्क में कई नेता, अफसर और बड़े कारोबारी जुड़े होने की आशंका है। अब तक इस केस में कथित लेडी तस्कर अलका दीक्षित, लाखन चौधरी, जयदीप, जितेंद्र पुरोहित और मास्टरमाइंड श्वेता जैन समेत कई लोग गिरफ्तार हो चुके हैं।



**भाजपा के अनुसूचित जाति-जनजाति मोर्चा की नगर अध्यक्ष भी रह चुकी-** जांच में सामने आया है कि भोपाल के चर्चित हनी ट्रैप-1 मामले की मुख्य आरोपी श्वेता जैन के साथ मिलकर रेशु उर्फ अभिलाषा कई प्रभावशाली लोगों के संपर्क में थी। बताया जा रहा है कि उसका नेटवर्क सागर, भोपाल, उज्जैन, इंदौर से लेकर दिल्ली तक फैला हुआ था। रेशु सागर में भाजपा के अनुसूचित जाति-जनजाति मोर्चा की नगर अध्यक्ष भी रह चुकी है। वह मूल रूप से सागर के मकरोनिया क्षेत्र की रहने वाली है। जानकारी के मुताबिक, पढ़ाई के लिए वह ओमान गई थी। वहां उसने एक कारोबारी से शादी की, लेकिन बाद में दोनों का तलाक हो गया। भारत लौटने के बाद उसने राजनीति में सक्रियता बढ़ाई और सागर में यूपीएससी कोचिंग सेंटर भी संचालित किया। इस दौरान उस पर कुछ लोगों से धोखाधड़ी करने के आरोप भी लगे।

#### सागर में एक विधायक से नजदीकियों को लेकर भी चर्चा में थी

सूत्रों के अनुसार, सागर में एक विधायक से नजदीकियों को लेकर रेशु चर्चा में आई थी। बताया जाता है कि विधायक की पत्नी और परिजनों ने सार्वजनिक रूप से उसे फटकार भी लगाई थी। इसके बाद वह मकरोनिया क्षेत्र में कई संदिग्ध और आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों के संपर्क में आ गई। जांच एजेंसियों को उसके दिल्ली में एक केंद्रीय राज्य मंत्री से करीबी संबंधों की भी जानकारी मिली है।

#### आईएएस अकादमी नाम से कोचिंग संस्थान भी शुरू किया था

रेशु इंटरनेट मीडिया प्रोफाइल में खुद को कभी यूपीएससी प्री परीक्षा क्वॉलिफाइड तो कभी एमपीपीएससी प्री-2016 पास-आउट बताती थी। कुछ प्रोफाइल में उसने रेवेन्यू सर्विस में चयनित होने का दावा भी किया। वर्ष 2016 में उसने ब्रह्मपुत्र आईएएस अकादमी नाम से कोचिंग संस्थान भी शुरू किया था, जो कुछ समय बाद बंद हो गया।

#### नरयावली विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की थी तैयारी

कोविड काल में वह कई भाजपा नेताओं और एक विधायक के साथ सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय दिखाई दी थी। उस दौरान उसकी तस्वीरें और वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुए थे, जिससे उसकी राजनीतिक पहुंच को लेकर चर्चाएं तेज हो गई थीं। चर्चा यह भी रही कि भोपाल के एक बड़े भाजपा नेता के संपर्क में आने के बाद उसने नरयावली विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी शुरू कर दी थी। क्षेत्र में होर्डिंग्स लगवा कर उसने अपनी राजनीतिक मौजूदगी दर्ज कराई थी। हालांकि, वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने प्रदीप लारिया को प्रत्याशी बना दिया और उसकी राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं अधूरी रह गईं। फिलहाल इंदौर पुलिस पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी है। हालांकि, पुलिस ने आधिकारिक रूप से किसी बड़े खुलासे की पुष्टि नहीं की है, लेकिन मामला सामने आने के बाद सागर के राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई है।

# ढाबों पर लगा लकड़ी का ढेर

## चोरल की तीन बीट में 500 से ज्यादा पेड़ काटे, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

रेल लाइन के लिए चोरल से बड़वाह तक करीब ढाई लाख पेड़ों की कटाई की जाना है। इंदौर की शुद्ध हवा के लिए चोरल रेंज का एक-एक पेड़ कीमती है। इसके बावजूद यहां जंगलों में तीन बीट में घावटी (निशान) लगाकर पेड़ों की अवैध कटाई की जा रही है। हाल ही में उमठ, बेका, रसकुंडिया, नयापुरा में अवैध कटाई के प्रमाण मिले हैं।

दरअसल, गर्मी में जंगल सूख गए हैं, इसका फायदा उठाकर कटाई की जा रही है। सिमरोल से चोरल के बीच 20 से अधिक छोटे-बड़े ढाबे संचालित हो रहे हैं। कमर्शियल गैस की किल्लत होने से ढाबे वाले जंगल की लकड़ी का



उपयोग कर रहे है। हर ढाबे में लकड़ियों का ढेर लगा है। अब तक वन विभाग ने किसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है। जिन बीटों में अवैध कटाई हो रही है, वहां अकसर तेंदुओं की मूवमेंट होती है। शाम होते ही चिकारा, नीलगाय, जंगली खरगोश जैसे कई जानवर घूमते दिख जाते हैं। ऐसे में जंगल कटने से वन्यजीवन भी प्रभावित होता है। 500 से अधिक पेड़ इन बीटों में हाल ही में काटे जा चुके हैं। डीएफओ लाल सुधाकर सिंह का कहना है कि जिन बीटों में जंगल कटा है, उनकी जांच कराई जाएगी। नुकसानी होने पर बीट गार्ड, रेंजर पर कार्रवाई की जाएगी।

**वनरक्षक, वनपाल स्पेशल ड्यूटी के नाम पर अटैच-** चोरल बीट को दो हिस्सों में बांटने की योजना भी बनी थी। इंदौर में वनरक्षक, वनपाल, डिप्टी रेंजर स्पेशल ड्यूटी के नाम पर अटैच हैं। एक दो नहीं, बल्कि पांच-छह सालों से स्पेशल ड्यूटी कर रहे हैं, जबकि इन्हें चोरल भेजा जा सकता है। डीएफओ का कहना है कि ट्रांसफर नीति लागू होने के बाद चोरल में तैनाती और बढ़ाई जाएगी। नवरतन बाग स्थित मुख्यालय में ही एक दर्जन से अधिक वन रक्षक बाबू बनकर बैठे हैं। वनरक्षक से वनपाल का प्रमोशन भी ले लिया। जंगल ड्यूटी के लिए भर्ती हुए थे, लेकिन ट्रेनिंग के बाद कभी जंगल ड्यूटी ही नहीं की।

### बहू लाने के लिए 13 साल की पोती का सौदा

# 42 साल के व्यक्ति से दादा-दादी ने करा दी शादी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

रंगवासा की 13 वर्षीय पितृहीन नाबालिग बच्ची की शादी 42 वर्षीय व्यक्ति से कराने का मामला सामने आया है। महिला एवं बाल विकास विभाग की शिकायत पर राऊ पुलिस ने दूल्हे, उसके परिजनों और लड़की के दादा-दादी सहित 13 लोगों पर एफआईआर दर्ज की है। दादा ने अपने पोते के लिए बहू लाने की शर्त पूरी करने के बदले पोती की शादी तय कर दी थी। 25 अप्रैल को होने वाले बाल विवाह की सूचना विभाग को मिली थी। टीम ने दोनों परिवारों को समझाइश देकर विवाह रुकवा दिया था। परिवार ने शादी नहीं करने का आश्वासन भी दिया था। इसके बाद आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सुपरवाइजर बच्ची पर नजर रखे हुए थे। लेकिन बच्ची की मां ने इंदौर से उज्जैन ले जाकर फिर शादी कराए जाने की शिकायत की तो उड़नदस्ता प्रभारी महेंद्र पाठक द्वारा कार्रवाई की गई। विवाह निरस्त कराने के बाद बच्ची और उसकी मां लगातार विभाग को रंगवासा में नहीं होने की जानकारी देती रहीं। उन्होंने शादी होने की बात छिपाई। लेकिन बाद में दादी द्वारा मारपीट किए जाने पर बच्ची की मां ने महिला एवं बाल विकास विभाग को लिखित शिकायत दी।

# महिला के पेट से निकली फुटबॉल के आकार की गांठ

## इंदौर में हाई-रिस्क ऑपरेशन सफल, काम के दौरान बेहोश होकर गिरी थी बीएलओ

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में डॉक्टरों ने एक जटिल और दुर्लभ चिकित्सा सर्जरी कर महिला के पेट से फुटबॉल के आकार की बड़ी गांठ निकालकर नया जीवन दिया। कुछ दिनों बाद पेट में तेज दर्द और अत्यधिक रक्तस्त्राव की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंची थी। जांच में पता चला कि उसके पेट में करीब आठ माह की गर्भावस्था जितनी बड़ी फाइब्रॉइड गांठ डेवलप हो चुकी है।

**दिमाग की गंभीर बीमारी के बाद बढ़ी चुनौती-** मामला ज्योति मौर्य (45) निवासी इंदौर का है। उनका यह केस इसलिए और अधिक जटिल हो गया



क्योंकि महिला ज्योति मौर्य (45) करीब चार महीने पहले गंभीर न्यूरोलॉजिकल समस्या से भी गुजर चुकी थी। दरअसल जनवरी में महिला बीएलओ ड्यूटी के दौरान बेहोश होकर गिर गई थी।

**मां बोलीं- ड्यूटी से बचने का बहाना समझ रहे थे लोग-** मां शकुंतला के मुताबिक, जब यह घटना हुई थी तो उसके बाद उसकी हालत को लेकर यह सवाल उठने लगे थे कि वह ड्यूटी नहीं करने के लिए बहाने बना रही है। फिर उसे केयर सीएचएच हॉस्पिटल दिखाया गया। यहां जांच में उसके ब्रेन में कई स्थानों पर ह्यवीनस हेमोरैजिक इन्फार्क्टह्म पाए गए थे। इस दौरान न्यूरोलॉजॉजिस्ट डॉ. मनोरंजन बरनवाल की निगरानी में मरीज का इलाज किया गया।

**विशेषज्ञ टीम ने बनाया प्लान-** महिला की स्थिति स्थिर होने के बाद विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने 17 मई को सर्जरी प्लान की। ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों ने 3 किलो वजनी विशाल फाइब्रॉइड और बच्चेदानी को निकाल दिया। सर्जरी के दौरान अत्यधिक रक्तस्त्राव को नियंत्रित रखना और मरीज की सुरक्षा सुनिश्चित करना मेडिकल टीम के लिए सबसे बड़ी चुनौती थी, जिसे सफलतापूर्वक संभाला गया।

**ब्लड थिनर के कारण बढ़ा था जोखिम-** डॉ. नीना अग्रवाल (सीनियर कंसल्टेंट गायनेकोलॉजी लैप्रोस्कोपिक सर्जन) ने बताया कि महिला हाल ही में वीनस हेमोरैजिक इन्फार्क्ट से उबरी थी और ब्लड थिनर दवाएं ले रही थी। ऐसे में सर्जरी का सही समय तय करना बेहद महत्वपूर्ण था।

मल्टीडिसिप्लिनरी टीम के प्लान और समन्वय के बाद सुरक्षित तरीके से ऑपरेशन किया गया। वह 12 दिनों तक हॉस्पिटल में एडमिट रही। अभी मरीज की हालत स्थिर है और उसे निगरानी में रखा गया है। गांठ और बच्चेदानी को बायोप्सी के लिए भेजा गया है।

**न्यूरोलॉजी और एनेस्थीसिया टीम का रहा समन्वय-** न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. मनोरंजन बरनवाल ने बताया कि मरीज पहले से गंभीर न्यूरोलॉजिकल स्थिति से गुजर चुकी थी, इसलिए इलाज के दौरान हर कदम बेहद सावधानी से उठाना जरूरी था। ब्लड थिनर (खून पतला करने की दवाई) के कारण सर्जरी का जोखिम काफी अधिक था। न्यूरोलॉजी, गायनेकोलॉजी और एनेस्थीसिया टीम के समन्वय से मरीज की स्थिति पर लगातार नजर रखी गई और सही समय पर सुरक्षित सर्जरी संभव हो सकी।

## खबर एक नजर...

### युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव नितेश कुमार मिश्रा का उज्जैन में स्वागत

**उज्जैन।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव श्री नितेश कुमार मिश्रा के उज्जैन आगमन पर सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) प्रकोष्ठ द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान रासेयो की विभिन्न गतिविधियों और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर सकारात्मक चर्चा हुई। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शेखर मैदमवार ने पुष्पगुच्छ और स्मृति-चिह्न भेंट कर श्री मिश्रा का सम्मान किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के उप सलाहकार डॉ. अशोक कुमार श्रोती और युवा अधिकारी डॉ. राजकुमार वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विश्वविद्यालय परिक्षेत्र में संचालित रासेयो की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी साझा की गई। अतिथियों ने रासेयो के माध्यम से युवाओं में विकसित हो रही सेवा भावना, सामाजिक जागरूकता और राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय सहभागिता की सराहना की। कार्यक्रम में जिला संगठक डॉ. प्रदीप लाखरे सहित बड़ी संख्या में रासेयो स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### उच्च रक्तचाप दिवस पर दी सही जीवनशैली अपनाने की सलाह

**उज्जैन।** विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर ग्लेनमार्क फार्मा और उज्जैन आँखों हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल स्वास्थ्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य आम जनता को 'साइलेंट किलर' माने जाने वाले हाई ब्लड प्रेशर के खतरों और इससे बचाव के प्रति जागरूक करना था।

मुख्य चिकित्सक डॉ. अंकुर गुप्ता ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली अस्पताल परिसर से शुरू होकर भरतपुरी चौराहे के प्रमुख मार्गों से गुजरी। इसमें डॉक्टरों, नर्सों, चिकित्सा छात्रों और स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। हाथों में बैनर लिए प्रतिभागियों ने 'नियमित जांच कराएं, उच्च रक्तचाप दूर भगाएं' के नारों के साथ लोगों को जागरूक किया। रैली के समापन स्थल पर एक विशेष शिविर भी लगाया गया। यहां डॉ. अंकुर गुप्ता के मार्गदर्शन में 100 से अधिक नागरिकों के रक्तचाप की निःशुल्क जांच की गई।

### भवसागर पार करने के लिए गीता का सहारा लेना ही होगाः संत डॉ. संतोष देव

# सिंधी समाज की कथा का पांचवां दिनः श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और गोवर्धन पूजा का हुआ मार्मिक वर्णन

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन



पूज्य सिंधी भाईबंध पंचायत उत्थान एवं कल्याण समिति उज्जैन के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय भागवत गीता कथा के पांचवें दिन शिवधारा आश्रम अमरावती से पधारे संत डॉ. संतोष देव महाराज ने गीता महाग्रंथ के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भवसागर से पार होने के लिए गीता का सहारा लेना ही होगा। समिति अध्यक्ष दौलत खेमचंदानी ने बताया कि कथा में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का सुंदर और मनोहारी वर्णन किया गया।

संत डॉ. संतोष देव ने बताया कि गीता में 700 श्लोक और 84 प्रश्न हैं। जो मनुष्य गीता का पाठ करता है, वह 84 लाख योनियों से मुक्ति पाता है। गीता सबसे पवित्र ग्रंथ है, इसलिए न्यायालयों में इस पर हाथ रखकर सत्य बोलने की शपथ दिलाई जाती है। उन्होंने उपवास का महत्व बताते हुए कहा कि सप्ताह में एक दिन उपवास रखने से मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य मजबूत होता है। गोपाष्टमी का महत्व समझाते हुए संत ने कहा कि इस दिन श्रीकृष्ण पहली बार गाय चराने गए थे, इसलिए इस दिन उपवास जरूर करना चाहिए। उन्होंने गोमांस से निर्मित चमड़े के बेल्ट और पर्स का उपयोग न करने की सलाह देते हुए बताया कि गाय में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है।

संत ने अपने प्रवचन में वर्तमान समय में विवाह आयोजनों में होने वाले अत्यधिक खर्च और अमर्यादित आचरण पर गहरी चिंता व्यक्त की। साथ ही उन्होंने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में ईश्वर चंद्र विद्यासागर, महात्मा गांधी, लालबहादुर शास्त्री और स्वामी विवेकानंद द्वारा मानवता एवं विद्वत्ता के लिए किए गए कार्यों की सराहना की। कथा में कैलाश पर्वत से भगवान भोलेनाथ के श्रीकृष्ण के दर्शन के लिए आने और दोनों के मिलन का मार्मिक दृश्य सुनाया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावुक हो गए। इसके अलावा इंद्र का घमंड चूर कर सात दिन तक गोवर्धन पर्वत को छोटी उंगली पर उठाकर गोकुलवासियों की रक्षा करने का प्रसंग भी सुनाया गया। उन्होंने बताया कि अगले दिन कथा में श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह धूमधाम से मनाया जाएगा।

कथा पूर्ण होने के पश्चात सिंधी समाज द्वारा शिप्रा नदी पर दीपदान किया गया और मां शिप्रा को पितरों के निमित्त चुनरी ओढ़ाई गई। संत का स्वागत इंदिरा नगर सिंधी पंचायत, वल्लभ वैष्णव मंडल उज्जैन, सिंधी ब्रह्म खत्री समाज, सख्खर पंचायत, राजवानी परिवार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उज्जैन, झूलेलाल मंदिर समिति, सिंधु प्रवाह अकादमी, सिंधी ब्राह्मण समाज उज्जैन और राष्ट्रीय कांग्रेस समिति द्वारा किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त फोटोग्राफर विनोद भटनागर, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक किशोर भाटी, राष्ट्रीय चिंतक चमन दास लखानी, मनोज बियानी और कीर्ति बियानी उपस्थित रहे। साथ ही उज्जैन सिंधी समाज के समाजसेवी मोहन वासवानी, ओम आहूजा, मूलचंद वासवानी, रामचंद्र खत्री, चंदीराम जेठवानी, लक्ष्मी खत्री, लक्ष्मण शर्मा, जय शर्मा, विठ्ठल नगर, नीरज टेकवानी, ओम यादव, पंकज परमार, मुकेश प्रजापत, संजय बोईवाल, सुंदर लालवानी, कुमार किशन और निशा सतीश महेश्वरी ने भी सहभागिता की।

## गुरु-पुष्य योग पर गजानन महाराज विजय ग्रंथ का सामूहिक पारायण



### 101 भक्तों ने लगातार 6 घंटे किया वाचन, महाप्रसाद वितरित

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

पुरुषोत्तम मास के विशेष गुरु-पुष्य योग पर शहर में शेगांव निवासी श्री गजानन महाराज विजय ग्रंथ का सामूहिक पारायण श्रद्धाभाव के साथ संपन्न हुआ। श्री गजानन महाराज सामूहिक पारायण सोहळा समिति के तत्वावधान में स्थानीय आनंद मांगलिक परिसर में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में 101 सद्भक्तों ने एक साथ ग्रंथ का वाचन किया।

सामूहिक पारायण की शुरूआत सुबह 8 बजे से हुई। इसमें शामिल सद्भक्तों ने करीब 6 घंटे तक लगातार बैठकर अपनी सेवा अर्पित की। अनुष्ठान में मुख्य वाचन श्री रवींद्र अयाचित द्वारा किया गया। इस दौरान महाराज के दर्शन और वाचन श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### अधिक मास में किया 1008 हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ

## टेकरी वाले हनुमान मंदिर में पाठ कर की देश में शांति और जन-कल्याण की कामना

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन



अधिक मास अर्थात पुरुषोत्तम मास के पवित्र अवसर पर धर्म प्रचारक संस्थान उज्जैन द्वारा शहर के विभिन्न राम और हनुमान मंदिरों में 1008 हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत गुरुवार 21 मई को दमदमा स्थित टेकरी वाले हनुमान जी मंदिर में संगीतमय पाठ किया गया।

संस्थान के अनुसार गुरुवार को टेकरी वाले हनुमान मंदिर में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में सदस्यों ने 11 बार हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ किया और विश्राम लिया। यह अभियान शहर के सभी प्रमुख हनुमान और राम मंदिरों में चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलनाथ रोड स्थित 11 मुखी हनुमान मंदिर में भी पाठ का आयोजन किया जा रहा है।

आयोजन में मुख्य रूप से देवेंद्र विश्वकर्मा, अनुराग गोम, मनीष बाबा, सनी ठाकुर, प्रदीप महावल, पारस कनेरिया, मयंक विश्वकर्मा, पंडित दर्पण शर्मा, हर्ष गोम और मोहित सूर्यवंशी सहित शहर के अनेक रामभक्त शामिल रहे। संस्था के सदस्यों ने बताया कि 17 मई से शुरू हुआ अधिक मास आगामी 15 जून तक रहेगा। तीन साल में एक बार आने वाले इस मास में विवाह और गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य नहीं होते हैं। इस दौरान केवल भगवान का भजन-कीर्तन, नाम जाप और तीर्थ यात्रा का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस महीने में एक बार हनुमान चालीसा का पाठ करने से एक हजार चालीसा पढ़ने के बराबर पुण्य प्राप्त होता है। इस वृहद आयोजन का मुख्य उद्देश्य देश में चल रही उथल-पुथल के बीच शांति स्थापित करना और संभावित संकटों से परिवारों की रक्षा के लिए ईश्वर से प्रार्थना करना है।

# संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है

### जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत विविध कार्यक्रम आयोजित

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन



शासकीय कालिदास कन्या अग्रणी महाविद्यालय, उज्जैन में प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता के मार्गदर्शन एवं नोडल अधिकारी श्रीमती मीरा यादव के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत विविध जन-जागरूकता एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया।

अभियान के अंतर्गत निबंध, पोस्टर, स्लोगन, वाद-विवाद, भाषण, व्याख्यान एवं पंपलेट निर्माण जैसी अनेक प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में उज्जैन जिले के लगभग 17 महाविद्यालयों के 1872 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए जल संरक्षण के प्रति अपनी जागरूकता, संवेदनशीलता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया। इसके अतिरिक्त जन-जागरूकता अभियान, वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण तथा जल स्रोतों के संवर्धन से संबंधित गतिविधियों के माध्यम से समाज में जल संरक्षण का व्यापक संदेश प्रसारित किया गया। अभियान के अंतर्गत उज्जैन जिले के 17 महाविद्यालयों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था स्थापित है, जो भू-जल स्तर को बढ़ाने एवं जल संरक्षण को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत उज्जैन जिले के 17 महाविद्यालयों में 1086 पौधों के रोपण की कार्ययोजना भी तैयार की गई है, जिसके तहत व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्य संपादित किया जाएगा।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने अपने संदेश में कहा कि, प्रत्येक नागरिक को जल के महत्व को समझते हुए उसके संरक्षण के लिए जागरूक एवं सक्रिय होना चाहिए। विद्यार्थियों की सहभागिता यह सिद्ध करती है कि युवा शक्ति पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। यदि हम आज जल और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील होंगे, तभी आने वाला कल सुरक्षित एवं समृद्ध बन सकेगा।

अंत में महाविद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों एवं नागरिकों से जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन के लिए सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

## खबर एक नजर...

### बच्चों को दी गई गुड टच-बैड टच और संवैधानिक अधिकारों की जानकारी

**उज्जैन।** जज्बा सोशल फाउंडेशन द्वारा स्थानीय जामिया इस्लामिया स्कूल, सब्जी मंडी में संचालित जज्बा समर कैंप में विधिक सलाह शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विधि विशेषज्ञों ने बच्चों को गुड टच, बैड टच की पहचान कराने के साथ ही भारतीय संविधान में दिए गए अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

मुख्य अतिथि एडवोकेट अखलाक कुरैशी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों का सम्मान करना चाहिए। डॉ. भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में निर्मित हमारा संविधान और देश हमारे लिए सर्वोपरि है। विशेष अतिथि एडवोकेट इंसाफ कुरैशी ने संविधान में बच्चों को दिए गए अधिकारों और 'सर्व धर्म समभाव' की शिक्षाओं का उल्लेख किया। उन्होंने ₹मंजिलें उन्हीं को मिलती हैं जिनके सपनों में जान होती है₹ शायरी के माध्यम से बच्चों को पूरी शक्ति और लगन से पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने की सीख दी। जमीर उल हक, नईम खान, हारून नागोरी और फरीद कुरैशी ने बताया कि शिविर में विधि वक्ता माजिद खान ने बच्चों को सुरक्षा संबंधी कानूनी टिप्स दिए। उन्होंने गुड टच और बैड टच के बीच का अंतर विस्तार से समझाया। मंसूर हुसैन और गुलरेज खान ने बताया कि वक्ता माजिद खान ने लड़कियों को अपनी सुरक्षा के प्रति सतर्क करते हुए विपरीत वर्ग या अनजान पुरुषों से बात करते समय न्यूनतम एक हाथ की दूरी बनाए रखने की महत्वपूर्ण सलाह दी। वसीम अब्बास और सादिक खान ने बताया कि कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत इंजीनियर सरफराज कुरैशी ने किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन समीर उल हक ने किया और अंत में आभार अतहर आलम अंसारी ने माना। इस अवसर पर मुख्य रूप से परवेज खान, जहीर शेख, शाइस्ता परवीन और आमिर कुरैशी सहित अन्य उपस्थित थे।

### मल्टी में नहीं रहेंगे गोंड आदिवासी, पंवासा शिफ्ट करने के प्रस्ताव का विरोध

**उज्जैन।** शहर के वार्ड क्रमांक 33 स्थित गोंड बस्ती के रहवासियों ने नगर निगम द्वारा उन्हें पंवासा मल्टी में शिफ्ट करने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया है। गोंड आदिवासी समाज ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यालय, महापौर मुकेश टटवाल और निगम अध्यक्ष कलावती यादव को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि उन्हें मल्टी के बजाय प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जमीन और मकान बनाने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

समाज के लोगों का कहना है कि वे पिछले 80 वर्षों से इस बस्ती में निवास कर रहे हैं। 18 मार्च 2026 को महापौर परिषद की बैठक में बस्तीवासियों को पंवासा शिफ्ट करने की बात कही गई थी। बुजुर्गों को ऊपर चढ़ने-उतरने में भारी परेशानी होती है और मल्टी से गिरकर लोगों की जान जाने जैसी घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। ज्ञापन में समाज ने मांग की है कि उन्हें भूखी माता से लेकर चिंतामण गणेश के बीच 30 बाय 60 का प्लॉट दिया जाए। साथ ही मकान बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 5 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की जाए।

# समग्र ई-केवाईसी में बड़ी लापरवाही: 3.86 लाख लोगों के नाम पोर्टल से गायब, निगम अधिकारियों पर अवैध वसूली के आरोप

### युवा शिवसेना गौ रक्षा न्यास ने कलेक्टर और निगमायुक्त को सौंपा ज्ञापन, लापरवाह अधिकारियों को निलंबित कर घर-घर अभियान चलाने की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर में समग्र आईडी की ई-केवाईसी प्रक्रिया में बड़ी प्रशासनिक लापरवाही और भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। नगर निगम के अधिकारियों की कथित अनदेखी के कारण लाखों नागरिकों के नाम समग्र पोर्टल से वंचित रह गए हैं। आरोप है कि नाम दोबारा जोड़ने के एवज में जोन कार्यालयों में लोगों को भटकाया जा रहा है और अवैध राशि की मांग की जा रही है। इस गंभीर मुद्दे पर मध्य प्रदेश युवा शिवसेना गौ रक्षा न्यास ने गुरुवार को कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।




लाखों लोग ई-केवाईसी से वंचित, योजनाओं का लाभ छिनने का डर

सौंपे गए ज्ञापन के अनुसार, 10 सितंबर 2025 को जारी कलेक्टर के आदेश (क्रमांक ईकेवाईसी/114/2026) के तहत शहर के सभी नगर निगम जोन में समग्र आईडी की ई-केवाईसी की जानी थी। शासन के आंकड़ों के अनुसार 8,38,204 लोगों की ई-केवाईसी का लक्ष्य था, लेकिन निगम अधिकारियों द्वारा मात्र 4,49,980 लोगों को ही मैसेज के माध्यम से सूचित कर प्रक्रिया पूरी की गई।

शेष लगभग 3,86,689 लोगों की ई-केवाईसी नहीं होने से उनके नाम पोर्टल से हट गए हैं। ई-केवाईसी के इस संकट के चलते गरीब, मजदूर, बुजुर्ग और छात्र-छात्राएं भीषण गर्मी में परेशान हो रहे हैं और उन्हें राशन, पेंशन व अन्य सरकारी योजनाओं से वंचित होने का डर सता रहा है।

शिकायत में बताया गया है कि जब परेशान नागरिक अपने नाम जुड़वाने के लिए निगम के जोन क्रमांक 1 से 6 तक के कार्यालयों में पहुंच रहे हैं, तो उन्हें घंटों भटकाया जा रहा है। कर्मचारियों द्वारा ₹पोर्टल बंद है₹, ₹मीटिंग चल रही है₹ या ₹साहब व्यस्त हैं₹ जैसे बहाने बनाए जा रहे हैं। लोगों का आरोप है कि कुछ कर्मचारियों और नोडल अधिकारियों द्वारा नाम जोड़ने के बदले अवैध वसूली तक की जा रही है। मध्य प्रदेश युवा शिवसेना गौ रक्षा न्यास के अध्यक्ष मनीष सिंह चौहान और राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राजकुमार झांझोट के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में स्पष्ट मांग की गई है कि कलेक्टर के आदेश की अवहेलना करने वाले लापरवाह जोन एवं नोडल अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए। संगठन ने निगम तंत्र की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो और निलंबित अधिकारियों के स्थान पर कार्यकुशल युवाओं को अवसर दिया जाए। साथ ही, जिन नागरिकों के नाम छूट गए हैं, उन्हें पुनः जोड़ने के लिए घर-घर जाकर विशेष अभियान चलाया जाए ताकि आम जनता को कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें।

# बृहस्पति, शुक्र और चन्द्रमा को एक साथ देखने का मौका, उज्जैन की वेधशाला में टेलिस्कोप से दिख रहा अनोखा नजारा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सूर्यास्त के बाद इन दिनों शाम के समय आकाश में तीन ग्रह एक साथ दिखाई दे रहे हैं। पश्चिम दिशा में लट्टू की तरह चमकता शुक्र ग्रह नजर आ रहा है, वहीं पश्चिमी आकाश में लगभग 60 अंश पर चमकदार बृहस्पति ग्रह और शुक्ल पक्ष का प्रतिदिन बढ़ता चंद्रमा भी दिखाई दे रहा है। तीन खगोलीय पिंडों की इस दुर्लभ घटना को देखने के लिए वेधशाला में बड़ी संख्या में खगोल प्रेमी पहुंच रहे हैं।

शासकीय जीवाजी वेधशाला, उज्जैन द्वारा 21 मई 2026 से 28 मई 2026 तक ग्रीष्मकालीन आकाशीय



अवलोकन शिविर आयोजित किया है। इसके तहत प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात 9 बजे तक 10 वर्ष से अधिक आयु के लोग खगोलीय घटनाओं की जानकारी ले सकेंगे। शिविर में 8 इंच व्यास वाले टेलिस्कोप से चन्द्रमा की सतह के गड्ढे और पहाड़, सौर मंडल के सबसे बड़े ग्रह बृहस्पति की सतह की पट्टियां और उसके उपग्रहों का अवलोकन कराया जाएगा। इसके अलावा पृथ्वी के निकट ग्रह शुक्र को उसकी चंद्रमा जैसी कलाओं के साथ दिखाया जाएगा।शुक्र ग्रह नीचे की स्थिति में होने के कारण शाम 8 बजे के बाद टेलिस्कोप की परिधि से बाहर हो जाएगा। इसलिए इसका अवलोकन रात 8 बजे तक ही कराया जा सकेगा।

### भीषण गर्मी में बेजुबानों का सहारा बना 'कर्म सेवा धर्म सेवा परिवार', शहर में लगाए जल पात्र

**उज्जैन।** शहर में पड़ रही भीषण गर्मी में बेजुबान पशु-पक्षियों को राहत पहुंचाने के लिए 'कर्म सेवा धर्म सेवा परिवार' ने पुनीत पहल की है। प्रचंड गर्मी में मूक प्राणियों की प्यास बुझाने के उद्देश्य से संस्था द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शहर के विभिन्न स्थानों पर पशु-पक्षियों, श्वान एवं छोटे जीव-जंतुओं के लिए जल पात्र स्थापित किए गए हैं।

संस्था अध्यक्ष कुंवर दर्शन ठाकुर ने बताया कि शहर के उन स्थानों को विशेष रूप से चिन्हित किया गया है, जहाँ जीव-जंतुओं का अधिक आवागमन रहता है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि इस चिलचिलाती धूप में कोई भी जीव प्यासा न रहे।

## पार्श्वनाथ डेवलपर्स पर एनसीएलटी की कार्रवाई: बिना रजिस्ट्री वाले प्लॉट धारकों को 27 मई तक करना होगा दावा

### कंपनी की सभी संपत्तियां अब अधिकरण के अधीन, उज्जैन की पार्श्वनाथ सिटी के रहवासियों के लिए अलर्ट जारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नई दिल्ली के पार्श्वनाथ डेवलपर्स के विरुद्ध इंसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी बोर्ड और राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण यानी एनसीएलटी ने दिवालिया कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके तहत कंपनी की सभी संपत्तियां अब सीधे एनसीएलटी के अधीन आ गई हैं। इस बड़ी कार्रवाई के बाद उज्जैन की पार्श्वनाथ सिटी के उन प्लॉट धारकों को 27 मई तक अपना दावा प्रस्तुत करना होगा, जिन्होंने अब तक अपने प्लॉट की रजिस्ट्री नहीं करवाई है।

पार्श्वनाथ सिटी रहवासी समिति के अध्यक्ष मनीष शर्मा ने बताया कि जिन लोगों ने अभी तक रजिस्ट्री नहीं करवाई है और केवल डेवलपर्स के साथ एग्रीमेंट कर रखा है, उनके लिए यह प्रक्रिया बेहद अहम है। ऐसे सभी लोगों को अपने हित सुरक्षित रखने के लिए एनसीएलटी में तय समय सीमा के भीतर हर हाल में अपना दावा पेश करना होगा।

वेबसाइट पर ऐसे प्रस्तुत करें दावा

अध्यक्ष शर्मा के अनुसार दावा प्रस्तुत करने की प्रक्रिया सामान्य रखी गई है। संबंधित प्लॉट धारकों को अपने दस्तावेज पार्श्वनाथ डेवलपर्स की आधिकारिक वेबसाइट पर दी गई लिंक पर जाकर अपलोड करने होंगे। इसके बाद एनसीएलटी प्राप्त दावों पर अपना निर्णय लेगा। यदि कार्रवाई के दौरान किसी प्लॉट धारक का दावा एनसीएलटी द्वारा किन्हीं कारणों से अस्वीकार कर दिया जाता है, तो उनके लिए न्याय पाने हेतु न्यायालय जाने का अवसर भी उपलब्ध रहेगा। इस संबंध में किसी भी प्रकार की सामान्य जानकारी या मार्गदर्शन के लिए प्लॉट धारक सीधे रहवासी समिति से संपर्क कर सकते हैं।

## टाटा प्रोजेक्ट और मंदिरों में दर्शन शुल्क के विरोध में युवा कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी

### सात दिन में कलेक्टर कार्यालय के घेराव का अल्टीमेटम, जिला कार्यकारिणी की बैठक में बनी रणनीति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर में आम जनता की समस्याओं, टाटा प्रोजेक्ट की खामियों और मंदिरों में दर्शन व्यवस्था को लेकर जिला युवा कांग्रेस ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। युवा कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि जनसमस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं हुआ, तो आगामी सात दिनों के भीतर बड़ा जन-आंदोलन कर कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित यादव के नेतृत्व में आयोजित मासिक बैठक में प्रशासन के खिलाफ इस आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में मुख्य रूप से महाकाल मंदिर में 250 रुपये और कालभैरव मंदिर में 500 रुपये का दर्शन शुल्क लगाने का



कड़ा विरोध किया गया। इसके साथ ही शहर में टाटा प्रोजेक्ट के कारण खोदी गई सड़कों, नालियों की बदहाली और गहराती जल समस्या के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि गूंगे-बहरे हो चुके जिला प्रशासन को जगाने और आम जनता को राहत दिलाने के लिए अब सड़कों पर उतरना आवश्यक हो गया है। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय प्रवक्ता अंकित फतेहपुरिया उपस्थित रहे। उनके साथ मुकेश यादव, जिला उपाध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर, महिदपुर विधानसभा अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह डोडिया, उज्जैन उत्तर विधानसभा अध्यक्ष यश जैन, नागदा-खाचरौद विधानसभा अध्यक्ष वीरम गुर्जर, विधानसभा उपाध्यक्ष चितवन मालपानी और घट्टिया विधानसभा उपाध्यक्ष कृष्णपाल सिंह सोलंकी ने भी अपने विचार रखे।

बैठक में योगेश दायमा, नंदू गहलोत, यशवंत, अरशद कुरैशी, चिंटू पथरोड़, करण सूर्यवंशी, कुणाल और चेतन चौधरी सहित जिले के समस्त पदाधिकारी और सभी ब्लॉक अध्यक्ष मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## खबर एक नजर...

### एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला 26 मई को

**उज्जैन।** प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी कि मध्यप्रदेश शासन के युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र व शासकीय आई. टी. आई संस्थान के तत्वावधान में 26 मई को प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मक्सी रोड ब्रिज के नीचे उज्जैन में एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा।उक्त रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कंपनियां जैसे- न्यू जील फैशन वियर प्राइवेट लिमिटेड बदनावर, आइसेक्ट लिमिटेड, एसबीआई लाइफ उज्जैन, भारतीय जीवन बीमा निगम उज्जैन, स्वतंत्र माइक्रोफिन प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन, आदित्य बिड़ला इनश्योरेंश उज्जैन, टी. एस.सी.एफ.एम. सेज फाउंडेशन इन्दौर, प्रतिभा स्वराज प्रा.लि. उज्जैन, क्रेडिटएक्सेस ग्रामीण प्राइवेट लिमिटेड, पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड, इन्दौर, बेस्ट लाइफस्टाइल अपैरल प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन, यूनिक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, जबलपुर, कृषि दर्पण एग्रो प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन, विजय एग्रो वायो केयर प्रा. लि. भोपाल आदि के लगभग 200 से अधिक विभिन्न पदों जैसे- सेल्स एक्जिकिटीव, टेक्नीशियन, ट्रेनर, सैल्स, टिम लिडर, बैक आफिस, सुरक्षा गार्ड, ऑपरेटर, हेल्पर, ऑफिस बॉय आदि पदों के लिए आकर्षक वेतन पर रोजगार प्रदान करने हेतु कंपनियों के प्रतिनिधि आवेदकों के साक्षात्कार लेकर प्रारम्भिक रूप से चयन करेंगे। महिला हेल्पर, ऑपरेटर के लिए विशेष भर्ती के अवसर है।

### उद्यानिकी महाविद्यालय में छात्रों ने सीखे पर्यावरण स्थिरता के गुर

**मन्दसौर।** के.एन.के. उद्यानिकी महाविद्यालय में सारथी एक्टिविटी कैलेंडर 2026 के अंतर्गत मई माह की चक्लीन एंड ग्रीनञ्ज क्लब गतिविधि का सफल आयोजन किया गया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. दीपक हरि रानडे के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रारंभ में खेल अधिकारी प्रदीप तुरकमाने ने छात्रों को सतत सामुदायिक प्रथाओं के महत्व से अवगत कराया और उन्हें दैनिक जीवन में उचित अपशिष्ट प्रबंधन अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात डॉ. अनुज कुमार द्वारा स्वच्छता, अपशिष्ट पृथक्करण और पर्यावरणीय स्वच्छता विषयों पर एक अत्यंत शिक्षाप्रद व्याख्यान दिया गया। डॉ. अनुज कुमार, डॉ. किरण सोनी एवं डॉ. वीणा राठौर के सक्रिय समन्वय में संचालित यह सत्र विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और उपयोगी साबित हुआ। इस पूरे आयोजन ने विद्यार्थियों के भीतर पर्यावरणीय उत्तरदायित्व और सामु दायिक कल्याण के प्रति एक व्याव हारिक समझ विकसित की, जिससे वे अपने जीवन में स्वच्छ, जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित हुए।

# कार्यों के लिए एडवांस में प्लानिंग कर कार्य की गति बढ़ाए - कलेक्टर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने मंगलवार को सिंहस्थ 2028 के लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से प्रचलित निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान विभागों के माध्यम से कार्य प्रगति की जानकारी दी गई।

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि प्रचलित निर्माण कार्य के दौरान संबंधित अधिकारी कार्यों के लिए एडवांस प्लानिंग तैयार रखकर कार्य जारी रखें। जिससे किसी भी स्तर पर कार्य में विलंब नहीं होगा। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सीवरेज और हरियाखेड़ी परियोजना से जुड़े अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि शहर में चल रहे मार्ग चौड़ीकरण के कार्य के दौरान पाइपलाइन के कारण कहीं भी कार्य अवरुद्ध ना हो। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा भी मौजूद रहे। सिंहस्थ 2028 के विश्व स्तरीय आयोजन की तैयारी को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न विकास कार्यों के साथ मार्ग चौड़ीकरण के कार्य प्रचलित है।

मंगलवार को नगर निगम और उज्जैन विकास प्राधिकरण के माध्यम से प्रचलित निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जहां सड़क निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है वहां फिनिशिंग और सौंदर्यीकरण का कार्य करें कलेक्टर श्री सिंह ने समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश दिए कि कोयला फाटक मार्ग चौड़ीकरण का कार्य जहां पूर्ण हो चुका है वहां फिनिशिंग का कार्य पूर्ण करें। इसी तरह अन्य मार्गों पर भी कार्य पूर्ण होने के बाद मार्ग सौंदर्यीकरण के लिए फिनिशिंग कार्य सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सती गेट क्षेत्र, ढ़ाबा रोड़ से श्री सत्यनारायण मंदिर तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य की प्रगति की जानकारी लेकर कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों के साथ ही पाइप लाइन और मार्ग के दोनों साईड नाली निर्माण का कार्य प्राथमिकता से किया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि कार्य के दौरान छोटी-छोटी समस्याओं के लिए फिल्ड के अधिकारी वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराएं एवं स्वीकृति लेकर कार्य की प्रगति जारी रखें।

## राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि पर उज्जैन में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान केंद्र सरकार को महंगाई और पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर घेरा गया। कार्यक्रम का आयोजन जीवाजीगंज ब्लॉक एवं कांग्रेस कमेटी द्वारा पिपली नाका स्थित राजीव गांधी की प्रतिमा पर किया गया। नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर पूर्व प्रधानमंत्री को याद किया। इस अवसर पर विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी और वरिष्ठ नेता मनोहर बैरागी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाया कार्यक्रम में वक्ताओं ने राजीव गांधी के राजनीतिक और सामाजिक योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने देश में सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार क्रांति की मजबूत नींव रखी। साथ ही पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।कांग्रेस नेताओं ने उनकी कार्यशैली, सरलता और युवाओं के लिए उनकी सोच को प्रेरणादायक बताया। इस दौरान नेताओं ने बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल के दामों और आम जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कार्यक्रम में नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रवि राय, कांग्रेस पार्षद, ब्लॉक अध्यक्ष और अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।



### पक्षी जल पात्र (सकोरे) वितरित

**नीमच।** बुधवार को शहर के (40) भारत माता चौराहे पर पक्षियों के लिए जल पत्र सकुरा वितरण कार्यक्रम में नीमच पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास ने भी जल पात्र वितरण किया। श्री व्यास ने सिर्फ औपचारिकता पूरी नहीं की बल्कि पात्र लेने वाले राहगीर लोगों को पात्र में नियमित रूप से पानी भरने और पक्षियों के पहुंच वाले उचित स्थान पर रखना को कहा जो आपकी संवेदनशीलता दर्शाती है। वरिष्ठ पत्रकार डॉ. जीवन कौशिक, दैनिक अवन्तिका ब्यूरो, नीमच एवं असेंबली आफ एमपी जर्नलिस्ट जिलाध्यक्ष के जन्मदिन के अवसर पर भीषण गर्मी के मौसम में जीव दया पक्षियों के लिए जलपात्र, सकोरे वितरण का आयोजन किया गया द्य पुलिस अधीक्षक श्री व्यास अच्छे आयोजन के लिए शुभकामनाएं भी प्रेषित की ने भी कार्यक्रम में उपस्थिति दी।



## योग साधकों ने श्रमदान से बदली योग भवन की सूरत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

स्थानीय नूतन स्टेडियम स्थित योग भवन परिसर में दशपुर योग शिक्षा संस्थान द्वारा स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की एक अनूठी मिसाल पेश की गई है। संस्थान के जागरूक योग साधकों ने मिलकर परिसर में एक व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया। साधकों ने कड़ी मेहनत कर परिसर में लंबे समय से उगी कटीली झाड़ियों को साफ किया और वहां बिखरे पड़े पत्थरों, प्लास्टिक कचरे तथा कांच की बोतलों को पूरी तरह से हटाकर एक स्वच्छ मैदान तैयार कर दिया। स्वच्छता कार्य पूरा होने के बाद परिसर को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर पौधरोपण भी किया तथा इन पौधों की नियमित देखभाल करने और उन्हें रोज पानी देने की जिम्मेदारी स्वयं साधकों ली।इस अवसर पर योग गुरु सुरेंद्र जैन ने कहा कि जिस प्रकार योग हमारे अंतर्मन और शरीर को शुद्ध करता है, ठीक उसी प्रकार श्रमदान से हमारी बाह्य प्रकृति और परिवेश निर्मल बनते हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रकृति को हमारी सबसे ज्यादा जरूरत है, इसलिए हमें सिर्फ पौधे लगाने तक सीमित न रहकर उनके संरक्षण का संकल्प भी लेना होगा। इस अभियान में संस्था जितेश फरक्या, लोकेन्द्र जैन, प्रीति जैन, प्रेमेन्द्र चौरड़िया, आनन्द कश्यप, महेश सेठिया, जापानी भावनानी, आनन्द कर्ण, रेखा पोरवाल सहित अनेक साधक उपस्थित थे।

### एस.पी. ने ली मैराथन अपराध समीक्षा बैठक

**नीमच।** पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास द्वारा दिनांक 20 मई को पुलिस कन्ट्रोल रूम नीमच पर जिलें के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों की प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक अपराध समीक्षा बैठक ली गई द्य जिसमे आगामी ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु समस्त पुलिस अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश दिये गये। सभी थाना प्रभारी अपने अपने थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठके आयोजित कर ईद-उल-जुहा (बकरीद) को शांतिपूर्ण ढंग से एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने हेतु निर्देश द्य महिला संबंधी अपराधों में थाना प्रभारी को संवेदनशीलता बरती जाकर अपराधों का समय सीमा में निराकरण सहित शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों, काली फिल्म लगे वाहनों, बिना नंबर, तीन सवारी, सहित यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के विरूद्ध कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए गए द्य जिले मे बढ़ती चोरी की घटनाओं को देखते हुए सभी थाना क्षेत्रों में रात्रि पेट्रोलिंग एवं रात्रि गश्त पर विशेष ध्यान दे।

कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को किसानों की फार्मर आईडी बनाने के कार्य में विशेष फोकस करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि प्रत्येक पटवारी प्रतिदिन न्यूनतम 10 किसानों की फार्मर आईडी बनाएं।

# कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप के निवास पर हुई गहुली

## चेतन्य काश्यप जैसे गुरूभक्त मिल जाए, तो अनेक अच्छे काम हो सकते है- नित्यसेन सूरीश्वरजी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



पुण्य सम्राट श्रीमद विजय जयन्तसेन सूरीश्वरजी मसा के शिष्य वर्तमान गच्छाधिपति, आचार्यदेवेश श्रीमद विजय नित्यसेन सूरीश्वर जी म.सा. आदि ठाणा का गुरूवार सुबह कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप के निवास पर पदार्पण हुआ। इससे पहले दिलबहार चौराहा से चल समारोह निकाला गया। इसमें मंत्री चेतन्य काश्यप, महापौर प्रहलाद पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, आरडीए अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, उपाध्यक्ष गोविंद काकानी एवं प्रवीण सोनी सहित गणमान्यजन एवं समाजजन शामिल हुए।

श्री सौधर्म वृहत्तपोगच्छीय राजेन्द्रसूरी त्रिस्तुतिक जैन श्री संघ संरक्षक चेतन्य काश्यप ने परिवार सहित गच्छाधिपति के पदार्पण पश्चात गहुली कर आशीर्वाद लिया। उपस्थित गुरुभक्तों को संबोधित करते हुए श्री काश्यप ने कहा कि गुरू का आशीर्वाद उनके परिवार का सौभाग्य है। पुण्य सम्राट श्रीमद विजय जयन्तसेन सूरीश्वरजी म.सा. ने रतलाम में अंतिम चातुर्मास किया था। उनके बाद प्रथम शिष्य गच्छाधिपति, आचार्यदेवेश श्रीमद विजय नित्यसेन सूरीश्वर जी म.सा. के माध्यम से सर्व समाज को उनकी कृपा दृष्टि प्राप्त हो रही है। गच्छाधिपति का 22 मई को सुबह लोकेन्द्र टाकीज क्षेत्र से नगर में मंगल प्रवेश होगा और मोहन टाकीज में धर्मसभा के बाद वे नीमवाला उपाश्रय में प्रवास करेंगे। इसके बाद 23 मई को वे जयंतसेन धाम जाएंगे और फिर इंदौर चातुर्मास के लिए विहार करेंगे। श्री काश्यप ने गुरुदेव को कांबली भी ओढाई। गच्छाधिपति, आचार्यदेवेश श्रीमद विजय नित्यसेन सूरीश्वर जी मसा ने आशीर्वचन में कहा कि पुण्य सम्राट गुरुदेव का रतलाम चातुर्मास ऐतिहासिक था। पुण्य सम्राट स्वयं भी ये कहते थे और दीक्षा पश्चात उन्होंने भी रतलाम जैसा चातुर्मास नहीं देखा। गुरू के प्रति समर्पण के भाव के कारण ही ऐसा संभव हुआ। धन-वैभव मिलना और मिलने के बाद उसका सदुपयोग करना महानता का काम होता है।

## आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 210 पेटी अवैध शराब जब्त

**आलीराजपुर।** कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी आर. एस. रॉय. के मार्गदर्शन में जिले में आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 210 पेटी अवैध मदिरा जब्त की है। जब्त की गई शराब की कुल मात्रा लगभग 2160 बल्क लीटर बताई गई है, जिसकी अनुमानित कीमत 7 लाख 51 हजार 920 रुपए आंकी गई है। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर आबकारी विभाग की टीम ने वृत्त जोबट अंतर्गत ग्राम देहदला के अजनार फलिया स्थित एक मकान पर दबिश दी, जहां बड़ी मात्रा में अवैध शराब छुपाकर रखी गई थी। कार्रवाई के दौरान मौके से आरोपी अनिल पिता वेस्ता फरार हो गया। उसके विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। यह पूरी कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी जी.एस.रावत के नेतृत्व में संपन्न हुई। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक श्री गंभीर सिंह वास्कले, श्री जयश्री त्रिपाठी, श्री मोहित बिरला सहित विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

## पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की मनाई पुण्यतिथि

**जावरा** । पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जावरा द्वारा आज प्रदेश कांग्रेस महासचिव मोहम्मद यूसुफ कडपा के कार्यालय पर मनाई गई। इस मोके पर कांग्रेस जनों ने बताया कि राजीव गाँधी 21 मई 1991 मे लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए कोयंबटूर गए थे वहां पर उनकी हत्या कर दी गई थी। गांधी के समय देश में कई विकास के कार्य हुए। और उन्हीं के द्वारा टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नई क्रांति लाई गई तथा पंचायती राज की स्थापना की गई तथा १८ वर्ष की आयु के व्यक्ति को मताधिकार का अधिकार उन्ही के द्वारा दिलाया गया । जिनकी पुण्यतिथि पर उनको कांग्रेस जन द्वारा श्रद्धांसुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुशील कोचट्टा, प्रदेश कांग्रेस महासचिव पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद यूसुफ कडपा, कांग्रेस नेता डॉक्टर एच एस राठौर,पूर्व जनपद अध्यक्ष हिम्मत श्रीमाल, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष हीरालाल मेहता, महेंद्र गंगवाल, राजेंद्र कल्याणे, मोहन सैनी, नगर पालिका चेयरमैन मोहम्मद मुस्तकीम मंसूरी, लोकेश विजवा, नईम भाटी, मुस्ताक जीजा, आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे ।

## स्वदेशी दृष्टि, वैश्विक स्वरःभारतीय मीडिया का नया युग रहेगा

**बड़वानी।** प्रेस क्लब बड़वानी एवं विश्व संवाद केंद्र जिला बड़वानी के संयुक्त तत्वावधान में आदि पत्रकार महर्षि नारद जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य मीडिया संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रेस क्लब की साधारण सभा की बैठक भी आयोजित की जाएगी। यह समस्त कार्यक्रम आगामी 24 मई, दिन रविवार को प्रसिद्ध जैन तीर्थ बावनगजा में संपन्न होगा। प्रेस क्लब के अध्यक्ष पंकज शुक्ला, सचिव विजय निकुम एवं कोषाध्यक्ष जितेंद्र भावसार ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार प्रातः 10 बजे होगा।

# रचा इतिहासः ऑल इज वेल हॉस्पिटल में पहला सफल किडनी प्रत्यारोपण

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर**



शहर बुरहानपुर ने चिकित्सा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यहां के ऑल इज वेल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में पहला सफल किडनी प्रत्यारोपण संपन्न हुआ। इस उपलब्धि के साथ ही बुरहानपुर उन्नत चिकित्सा सेवाओं के नए केंद्र के रूप में उभरा है। अब निमाड़ और खानदेश क्षेत्र के मरीजों को अंग प्रत्यारोपण के लिए इंदौर, मुंबई या पुणे जैसे महानगरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

यह जटिल लेप्रोस्कोपिक सर्जरी 15 मई 2026 को की गई। मरीज 22 वर्षीय प्रांजल, नेपानगर के केरपानी गांव का निवासी है। किडनी फेल होने के बाद वह कई महीनों से डायलिसिस पर था और बुरहानपुर, नागपुर व वर्धा में इलाज के विकल्प खत्म हो चुके थे। उसकी मां, आशा कार्यकर्ता श्रीमती रजनी कटेकर ने बेटे को नया जीवन देने के लिए अपनी किडनी दान की। स्ह्रञ्जञ्जह्र मध्यप्रदेश से अनुमोदन के बाद यह जीवित संबंधित दाता प्रत्यारोपण किया गया।

### संयुक्त टीम ने रचा इतिहास

ऑल इज वेल हॉस्पिटल एवं शाल्बी हॉस्पिटल, इंदौर की संयुक्त टीम ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। टीम में यूरो-सर्जन डॉ. प्रशांत खैरनार, डॉ. पृथ्वीराज गोमसाले, नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. प्रांजल काशीव एवं डॉ. माधुर मनियार तथा एनेस्थेसियोलॉजिस्ट डॉ. हितेशी बैस शामिल थे। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार डोनर और रिसीवर दोनों की हालत स्थिर है और वे तेजी से स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं।

### दशकों की निर्भरता खत्म

दशकों से अर्ध-शहरी मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के मरीजों को ट्रांसप्लांट के लिए महानगरों की दौड़ लगानी पड़ती थी। इससे उन पर भारी आर्थिक और भावनात्मक बोझ पड़ता था। यह सर्जरी साबित करती है कि विश्वस्तरीय सुविधा अब स्थानीय स्तर पर भी संभव है।

संस्थापक अध्यक्ष आनंद प्रकाश चौकसे ने कहा, ₹यह केवल शल्य-चिकित्सा उपलब्धि नहीं है, यह प्रमाण है कि विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवा देश के हर जिले तक पहुंच सकती है। बुरहानपुर के मरीज को वही देखभाल मिलनी चाहिए जो मुंबई में मिलती है। आज हमने यह सिद्ध कर दिया।₹

प्रबंध निदेशक कबीर चौकसे ने कहा, ₹हमारी टीम के समर्पण से यह संभव हुआ। यह शुरूआत है। हमारा लक्ष्य अंग प्रत्यारोपण को निमाड़ क्षेत्र के लिए सुलभ और नियमित सेवा बनाना है।₹ इस प्रक्रिया से पहले तीन महीने तक कठोर मूल्यांकन, परामर्श और कानूनी अनुमतियां ली गईं। यह काम नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. माधुर मनियार और ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर श्रीमती प्रीति खैरनार के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यकारी निदेशक श्रीमती देवांशी चौकसे ने पूरे समय परिवार को प्रत्यक्ष सहयोग दिया। गौरतलब है कि ऑल इज वेल हॉस्पिटल निमाड़ क्षेत्र में पहले ही एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, ओपन-हार्ट सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, ब्रेन सर्जरी और कैंसर सर्जरी जैसी उन्नत प्रक्रियाएं शुरू कर चुका है। किडनी प्रत्यारोपण के साथ ही अस्पताल अब मध्य भारत में सुपर-स्पेशलिटी एवं ट्रांसप्लांट रेफरल सेंटर बन गया है।

# कलेक्टर ने इंडेन कंपनी सेल्स ऑफिसर और गैस एजेंसी संचालकों की ली बैठक

### सिलेंडरों की कालाबजारी को रोकने के लिए कलेक्टर ने दिए निरीक्षण के निर्देश

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर**



जिले में गैस सिलेंडरों की लगातार शिकायत मिलने पर कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कक्ष में इंडेन कंपनी सेल्स ऑफिसर श्री सुनील योगी और गैस एजेंसी संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई। उन्होंने जिले में कमर्शियल एवं घरेलू सिलेंडरों के स्टॉक की उपलब्धता की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी गैस एजेंसी संचालकों से चर्चा कर उन्हें यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिए गए है कि एलपीजी की आपूर्ति और विपणन नियमानुसार उपभोक्ताओं को की जाए। उन्होंने आगे कहा कि गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी को रोकने के उद्देश्य सभी राजस्व अधिकारियों को सिलेंडर गोदामों के निरीक्षण कर स्टॉक जांच कर उनका भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि वितरक स्तर पर एलपीजी सिलेंडर की कोई जमाखोरी और कालाबाजारी की स्थिति पाए जाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने सभी गैस एजेंसी वितरकों को निर्देशित किया कि जिले में एलपीजी गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो,किसी भी प्रकार की अव्यवस्था ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जाएं। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती संघमित्रा गौतम, संयुक्त कलेक्टर श्री मनोज गरवाल, नायब तहसीलदार सुश्री मंजू डावर, फूड इंस्पेक्टर सहित जिले के गैस एजेंसी संचालक उपस्थित रहे।

# त्रिवेणी संगम पर पूजा अर्चना कर जल गंगा संवर्धन की बनाई योजना

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा**



जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत मन कामनेश्वर महादेव मंदिर पर बैठक सम्पन्न हुई। जिसमे जन अभियान परिषद के आव्हान पर जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम आयोजित करने पर करते हुऐ निर्णय लिए गए।

नंवाकुर समिति अटल ग्राम विकास सामाजिक संगठन द्वारा मनकामनेश्वर मन्दिर मिण्डा जी रिंगनोद सेक्टर की बैठक आयोजित की गई।बैठक ब्लॉक समन्वयक युवराज सिंह पंवार ने ली। गत माह के कार्यों की समीक्षा कर आने वाले कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की। जिनमें गंगा दशमी पर कलश यात्रा, जल स्त्रोतों की स्वच्छता, दीप प्रज्वलन और भजन कीर्तन साथ ही जल गंगा संवर्धन के द्वितीय चरण के कार्य तालाब गहरी करण,नदी गहरीकरण, जलस्त्रोत की स्वच्छता आदि पर भी मार्गदर्शन दिया गया। बैठक में अटल ग्राम के अध्यक्ष अभय कोठारी ने २५ मई गंगा दशहरे पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी एवं कलश यात्रा एवं अन्य कार्यक्रम निम्न स्थानो पर होगे जिसमें गोठडा ,गोंदी शंकर ,कांकरवा बालाजी , एवं रिंगनोद में होगे। इस अवसर पर चंबल, मलेनी, पिंगला नदी के त्रिवेणी संगम स्थल पर नदी का पूजन किया गया। नदी घाट पर श्रमदान , एवं जल संरक्षण की शपथ ली गई। संगम स्थल पर स्थित ऐतिहासिक मंदिर मे भगवान मनकामनेश्वर की महाआरती करते हुऐ भगवान् भोलेनाथ से क्षेत्र मे पर्याप्त वर्षा एवं क्षेत्रवासियों के सुख सम्पत्ति एवं निरोगी जीवन की प्रार्थना की।

जन अभियान परिषद के विकास खण्ड समन्वयक युवराज सिंह पंवार,अटल ग्राम कोठारी नवांकुर प्रस्फुटन समिति के सदस्य जगदीश उपमन्यु, समाज सेवी वीरेंद्र सिंह चौहान, परामर्शदाता बबलू बैरागी , ,ग्राम अध्यक्ष रामगोपाल विश्वकर्मा ,मेंहदी के अध्यक्ष संग्राम सिंह भाटी, गोंदी शंकर समिति के आशीष जोशी , दीपक त्रिवेदी ,कमल पांचाल, उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी के बीच नेपा लिमिटेड में अग्नि दुर्घटना

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नेपानगर**



भीषण गर्मी और अत्यधिक तापमान के बीच बुधवार को भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के उपक्रम नेपा लिमिटेड में अग्नि दुर्घटना हो गई। पेपर मशीन की डीसीएस यूनिट में अचानक आग भड़कने से मिल परिसर में हड़कंप मच गया। हालांकि, राहत की बात यह रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

प्रारंभिक स्तर पर आग लगने का संभावित कारण अत्यधिक तापमान एवं शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रबंधन द्वारा तत्काल उच्चस्तरीय जांच समिति का गठन किया गया है। यह समिति आग लगने के वास्तविक कारणों एवं क्षति के स्तर की विस्तृत जांच करेगी।

घटना की सूचना मिलते ही विभागाध्यक्ष सुरक्षा एवं अग्नि संजय पवार के नेतृत्व में मिल की दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर फायर फाइटिंग अभियान शुरू कर दिया। नगर पालिका परिषद नेपानगर का दमकल भी सहायता एवं राहत कार्य के लिए तुरंत मौके पर मौजूद रहा। नेपा टीम ने सामूहिक साहस, तत्परता एवं बहादुरी का परिचय देते हुए आग पर शीघ्र नियंत्रण पा लिया।

मुख्य महाप्रबंधक एवं कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि अथवा किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि दोनों पेपर मशीनें पूरी तरह सुरक्षित एवं यथावत हैं। आग से केवल डीसीएस के कुछ पैनल प्रभावित हुए हैं। क्षति का विस्तृत आकलन जांच समिति द्वारा किया जा रहा है। मिल को पुनः सामान्य स्थिति में लाने के लिए त्वरित कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। नेपा लिमिटेड प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया है कि संस्थान शीघ्र ही इस चुनौती से उबरकर नियमित न्यूजप्रिंट पेपर उत्पादन पुनः प्रारंभ करेगा।

# अंजड़ में सांसद पटेल ने हर ग्राम एक काम अभियान के लिए कॉलेज के साथ किया एमओयू

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ अंजड़**

खरगौन-बड़वानी लोकसभा सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने गुरुवार को नगर के स्वामी अमूतानंद शासकीय महाविद्यालय पहुंचकर एक महत्वपूर्ण पहल की शुरूआत की। सांसद ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमेश काकेश्वर के साथ ₹हर ग्राम एक काम₹ अभियान को लेकर एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने बताया कि उन्होंने 16 फरवरी को अपने जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पूरे जिले में ₹हर ग्राम एक काम₹ अभियान की शुरूआत की थी। इस अभियान का उद्देश्य जिले में अध्ययनरत विद्यार्थियों को जमीनी स्तर पर गांवों के विकास से सीधे जोड़ना है। सांसद पटेल ने जानकारी दी कि इस अभियान के तहत महाविद्यालय के विद्यार्थी अपने-अपने गांवों में जाकर विकास कार्यों का चिन्हांकन और सर्वे करेंगे। विद्यार्थी ऑनलाइन फॉर्मेट के माध्यम से यह दर्ज करेंगे कि गांव में पहले क्या काम हो चुके हैं, वर्तमान में किन कार्यों की आवश्यकता है और भविष्य में क्या किया जा सकता है। उन्होंने कहा, ₹इसमें सरकारी, प्राइवेट, सामाजिक और धार्मिक, हर प्रकार के महत्वपूर्ण कार्य शामिल होंगे। जो काम जरूरी हैं उन्हें पूरा कराना और जो हो चुके हैं उनकी जानकारी देना, यही इस अभियान का मूल है।₹ सांसद ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में इसके सकारात्मक परिणाम सभी को देखने को मिलेंगे। उन्होंने महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं से इस अभियान से जुड़ने का आवाहन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमेश काकेश्वर ने बताया कि ₹हर ग्राम एक काम₹ सांसद अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सक्रिय एवं संगठित सहभागिता सुनिश्चित करना है। इसके साथ ही चयनित ग्रामों को अध्ययन, सर्वेक्षण एवं शोध हेतु ₹दत्तक ग्राम₹ के रूप में विकसित किया जाएगा।

## डाकघर में आधार नामांकन एवं अपडेट हेतु विशेष अभियान का आयोजन

**बड़वानी।** समस्त आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि 23 मई को सुबह 8 बजे से सायं 6 बजे तक डाकघर में आधार नामांकन एवं अपडेट हेतु विशेष अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष अभियान के अंतर्गत आधार इनरोलमेंट एवं अपडेशन का कार्य भारत सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क पर किया जायेगा।



# थलापति विजय के को-स्टार जय ने कबूला इस्लाम

**कहा- मंदिर में अपमान हुआ, मस्जिद में कोई धक्का नहीं देता, नाम बदलकर अजीज करूंगा**

थलापति विजय के साथ 2002 की फिल्म भगवती में नजर आ चुके एक्टर जयकांत ने इस्लाम कबूल कर लिया है। इसकी घोषणा करते हुए उन्होंने कहा है कि मंदिर में अपमानित महसूस करने के बाद उन्होंने इस्लाम अपनाया और जल्द ही वो अपना नाम भी बदलने वाले हैं।

गलाटा प्लस को दिए इंटरव्यू में जय ने बताया है कि उन्होंने 2011 से इस्लाम फॉलो करना शुरू किया है, लेकिन आज तक नाम नहीं बदला। उन्होंने कहा कि वो सबरीमाला के लिए माला पहनते थे। इसके बाद उन्होंने एक साल तक यीशू की भी माला पहनी और व्रत रखा। उन्होंने सभी देवी-देवताओं का अनुसरण किया, ये सोचकर कि सब ठीक है। लेकिन फिर एक समय ऐसा आया, जब उन्हें मंदिर में अपमानित होना पड़ा। उनके साथ मंदिर में कुछ ऐसी घटनाएं हुईं, जिनसे वो संतुष्ट नहीं थे। जय ने बातचीत में आगे बताया है कि मंदिर में अपमान होने के बाद वो मस्जिद जाने लगे, जहां उन्होंने देखा कि सभी लाइन से खड़े होकर प्रार्थना कर रहे हैं। एक्टर ने इंटरव्यू में कहा, ह्यसभी जानते थे कि मैं एक्टर हूं, लेकिन मस्जिद में किसी ने मुझसे बात नहीं की। बाहर आने के बाद ही उन्होंने मुझसे बात की, वो भी विनम्रता से। वो सभी को समान मानते हैं। उनके लिए ईश्वर ही सर्वोच्च है। चाहे कोई सेलिब्रिटी हो, वो उसे बड़ा नहीं समझते। आगे उन्होंने कहा- मस्जिदों में प्रार्थना करते हुए कोई धक्का नहीं देता, या जाने के लिए नहीं कहता। हम जितनी देर चाहें वहां रह सकते हैं। ये योग जैसा अनुभव है। अब मेरा स्वाभाव भी बदल गया है। जय का कहना है कि धर्म परिवर्तन से उनके करियर का कोई लेना-देना नहीं है। एक्टर ने बताया है कि वो जल्द ही अपना नाम जयकांत से अजीज जय करने वाले हैं। उनके इस फैसले से परिवार वाले भी खुश हैं, क्योंकि इससे पहले वो किसी धर्म को नहीं मानते थे।

**रंगभेद पर छलका उल्का गुप्ता का दर्द बोलीं**

# सिर्फ गोरे बच्चों को मिलता था ऑडिशन का मौका...





टीवी और फिल्म इंडस्ट्री में रंगभेद और सुंदरता के तय मानकों को लेकर बहस एक बार फिर तेज हो गई है। अभिनेत्री उल्का गुप्ता ने हाल ही में अपने संघर्ष भरे शुरूआती दिनों को याद करते हुए खुलासा किया कि बचपन में उन्हें केवल सांवले रंग की वजह से कई बार ऑडिशन से बाहर कर दिया जाता था। उन्होंने बताया कि उस दौर में इंडस्ट्री में गोरी त्वचा को लेकर इतना ज्यादा जुनून था कि कई जगह साफ तौर पर लिखा होता था–"Only fair kids" यानी सिर्फ गोरे बच्चों के लिए ऑडिशन।

हाल ही में एक इंटरव्यू में उल्का गुप्ता ने अपने बचपन के संघर्षों और इंडस्ट्री में झेले गए रंगभेद पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि एक चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर जब वह अलग-अलग भूमिकाओं के लिए ऑडिशन देने जाती थीं, तब उन्हें अक्सर केवल उनके रंग की वजह से रिजेक्ट कर दिया जाता था।

उल्का ने बताया कि वह कई बार अंधेरी और वर्ली जैसे इलाकों तक लंबा सफर तय करके ऑडिशन देने पहुंचती थीं, लेकिन वहां जाकर उन्हें पता चलता था कि मेकर्स केवल गोरे बच्चों की तलाश कर रहे हैं। अभिनेत्री ने कहा कि यह उनके बचपन की सबसे बड़ी असुरक्षा बन गई थी।


उन्होंने कहा कि कई बार रिजेक्शन मिलने के बाद वह रोने लगती थीं। इतना ही नहीं, कई मौकों पर उन्होंने कास्टिंग टीम से यह तक गुजारिश की कि कम से कम उन्हें ऑडिशन देने या अपना परिचय देने का मौका तो दिया जाए। उल्का गुप्ता ने यह भी बताया कि मनोरंजन जगत में गोरे रंग को लेकर जुनून बहुत गहराई तक मौजूद था। उन्होंने कहा कि कई बार मेकअप आर्टिस्ट उनके चेहरे पर उनकी वास्तविक त्वचा से दो या तीन शेड हल्का फाउंडेशन लगा देते थे, जिससे उन्हें बेहद असहज महसूस होता था।

अभिनेत्री ने कहा कि वह खुद से सवाल करती थीं कि क्या वह जैसी हैं, वैसी पर्याप्त नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें साफ दिखाई देता था कि मेकअप पैलेट में उनकी त्वचा से मेल खाने वाला सही शेड मौजूद है, फिर भी जानबूझकर उनसे हल्का रंग इस्तेमाल किया जाता था।

उल्का ने कहा कि इस तरह की घटनाएं उन्हें भीतर तक परेशान करती थीं और वह कई बार खुद को लेकर असुरक्षित महसूस करने लगती थीं। उन्होंने यह भी बताया कि टीवी इंडस्ट्री में लंबे समय तक गोरी त्वचा वाली अभिनेत्री को ही ग्लैमरस माना जाता रहा, जिसके कारण उन्हें कई भूमिकाओं के लिए कम उपयुक्त समझा गया।

उनकी इस टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया पर रंगभेद और मनोरंजन जगत में सुंदरता के मानकों को लेकर नई बहस शुरू हो गई है। कई लोगों ने अभिनेत्री के साहस की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने उस सच्चाई को सामने रखा है जिससे इंडस्ट्री में काम करने वाले कई कलाकार गुजरते हैं।





# सोनाक्षी सिन्हा-जहीर इकबाल ने बनाया मेलोडी टॉफी पर वीडियो

**पीएम मोदी ने मेलोनी को गिफ्ट की टॉफी सोशल मीडिया पर शुरू हुआ मेलोडी ट्रेंड**

बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा और उनके पति जहीर इकबाल सोशल मीडिया पर चल रहे 'मेलोडी' ट्रेंड में शामिल हो गए हैं। दोनों ने बुधवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक मजेदार वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में जहीर मेलोडी टॉफी की मशहूर टैगलाइन बोलते नजर आ रहे हैं। दरअसल, यह पूरा ट्रेंड प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को मेलोडी टॉफी देने के बाद शुरू हुआ है।

जॉइंट इंस्टाग्राम पोस्ट में शेयर किए गए इस वीडियो में सोनाक्षी अपने पति जहीर से पूछती हैं, तुम क्या पूछना चाहते हो? इस पर जहीर जवाब देते हैं, तुम अच्छी तरह जानती हो कि मैं तुमसे कितना प्यार करता हूं। जब सोनाक्षी चिढ़ाते हुए कहती हैं कि नहीं, तो जहीर तुरंत अपनी जेब से मेलोडी टॉफी निकालते हैं और कहते हैं, मेलोडी खाओ, खुद जान जाओ।

पीएम मोदी और मेलोनी के वीडियो से शुरू हुआ ट्रेंड इस मेलोडी ट्रेंड का बैकग्राउंड काफी दिलचस्प है। हाल ही में इंस्टाग्राम पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी का एक वीडियो सामने आया था। इस वीडियो में दोनों नेताओं के बीच हल्के-फुल्के अंदाज में बातचीत हो रही थी। जी-7 समिट या द्विपक्षीय मुलाकात के दौरान भारत की तरफ से इटली को मेलोडी टॉफी का एक पैकेट गिफ्ट किया गया था। इसके बाद से ही यह मामला चर्चा में आया।

**दाऊद इब्राहिम पर एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा का खुलासा**

# फिल्म 'धुरंधर 2' में दिखाई गई दाऊद की बीमारी 80 प्रतिशत सच

मुंबई पुलिस के सबसे चर्चित और तेजतर्रार पूर्व पुलिस अधिकारी प्रदीप शर्मा इन दिनों अपनी जिंदगी पर बनने वाली आगामी फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। 90 के दशक में मुंबई को अंडरवर्ल्ड के खौफ से आजाद कराने में उनकी अहम भूमिका रही है।

प्रदीप शर्मा ने पुलिस महकमे के कड़वे सच, अपनी जिंदगी के उतार-चढ़ाव और राजनीति को लेकर अपनी राय साझा की। उन्होंने दाऊद इब्राहिम के बॉलीवुड में खौफ और उसकी वर्तमान स्थिति पर भी की खुलासे किए। इंटरव्यू के दौरान उन्होंने अपनी आने वाली फिल्म 'अब तक 112' पर भी बात की।

**मुंबई में लोग उसके ब्रेसलेट पहनते थे**





**सवाल:** एक प्रोफेसर के बेटे के मन में पुलिस बनने का ख्याल कैसे आया?

**जवाब:** मेरे पिता धूलिया के कॉलेज में अंग्रेजी के प्रोफेसर और वाइस प्रिंसिपल थे। वो चाहते थे कि मैं प्रोफेसर या साइंटिस्ट बनूं। मैंने एमएससी (ट्रू) तक पढ़ाई भी की। लेकिन हमारे घर के पास एक पुलिस इंस्पेक्टर रहने आए थे। जब मैं छोटा था, उन्हें बुलेट पर यूनिफॉर्म और गॉगल पहनकर जाते देखता था। बस, वहीं से वर्दी के प्रति एक आकर्षण और लगाव पैदा हो गया। मुझे रूटीन वाली जिंदगी पसंद नहीं थी, इसलिए मैंने यह रास्ता चुना।

**सवाल:** 90 के दशक की मुंबई कैसी थी, जिसके खौफ की कहानियां आज भी सुनी जाती हैं?

**जवाब:** उस समय मुंबई पर दाऊद इब्राहिम, छोटा राजन, अरुण गवली और अमर नाइक जैसे गैंगस्टर्स की मजबूत पकड़ थी। दिन में तीन-चार शूटआउट आम बात थी। बड़े बिजनेसमैन, पॉलिटिशियंस और फिल्म स्टार्स को जबरन वसूली (एक्सटॉर्शन) के कॉल्स आते थे। आम आदमी का हाल यह था कि अगर कोई मारुति 800 या ओमनी वैन भी खरीदता, तो भाई का फोन आ जाता था। यहां तक कि शादियों और घरों के इंटीरियर डेकोरेशन पर भी गैंगस्टर्स फोन नंबर छोड़ जाते थे कि 'भाई को फोन करो'। दाऊद के नाम के ब्रेसलेट और 'ॐ लिखे लॉकेट्स पहने जाते थे। ऐसा डर का माहौल था।

**सवाल:** उस खतरनाक दौर में जब आप ऑपरेशन्स पर जाते थे, तो क्या घर में डर का माहौल नहीं होता था?

**जवाब:** वर्दी पहनने के बाद खौफ नहीं लगता। मेरी पत्नी स्वीकृति के पिता एक्स-एयरफोर्स ऑफिसर हैं, जिन्होंने 1965 और 1971 के युद्ध देखे हैं। इसलिए हमारे घर में डर जैसा माहौल कभी नहीं रहा। मेरी पत्नी को पूरा विश्वास था कि मुझे कुछ नहीं होने वाला।

**सवाल:** 'धुरंधर' जैसी फिल्मों या सीरीज में दाऊद इब्राहिम को (बड़े साहब) को काफी बीमार दिखाया जाता है। क्या असलियत भी वही है?

**जवाब:** हां बिल्कुल। 'धुरंधर' में जिस तरीके से 'बड़े साहब' (दाऊद इब्राहिम) को बीमार और उनके हालात को दिखाया गया है, हकीकत में भी वो 80% वैसा ही है। फिल्मों में थोड़ा-बहुत ड्रामेटाइज तो करना ही पड़ता है, नहीं तो दुनिया उसे देखेगी नहीं; फिर तो डायरेक्टर और प्रोड्यूसर खुद ही अपनी फिल्म थिएटर में बैठकर देखेंगे।

### गुजरात का क्वालिफायर-1 खेलना पक्का: सुदर्शन ने वैभव सूर्यवंशी को पीछे छोड़ा

# चेन्नई प्लेऑफ से बाहर होने वाली तीसरी टीम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अहमदाबाद



गुजरात टाइटंस ने गुरुवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स को 89 रन से हरा दिया। इसके साथ ही चेन्नई प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली तीसरी टीम बन गई है। उसके 14 मैच में 6 जीत के साथ 12 पॉइंट्स ही हुए। वहीं, गुजरात ने पहला प्लेऑफ यानी क्वालिफायर-1 खेलना पक्का कर लिया है।

गुजरात के 14 मैचों में 18 पॉइंट्स हो गए हैं। इससे यह तय हो गया कि गुजरात टॉप-2 से नीचे नहीं आएगी। आज बेंगलुरु का सामना हैदराबाद से होगा। अगर बेंगलुरु जीतती है तो वह क्वालिफायर-1 में गुजरात से खेलेगी। अगर हैदराबाद बहुत बड़े अंतर से जीतती है तो बेहतर नेट रन रेट के आधार पर टॉप-2 में आ सकती है। दोनों ही स्थिति में गुजरात का टॉप-2 में रहना पक्का है।

यहां से ऐसा नहीं हो सकता है कि दो टीमों के गुजरात से ज्यादा पॉइंट हो जाएं। अगर हैदराबाद जीतती भी तो तीन टीमों–गुजरात, बेंगलुरु और हैदराबाद के 18-18 पॉइंट्स होंगे। इस स्थिति में बेंगलुरु और हैदराबाद में से किसी एक का नेट रन रेट हैदराबाद से कम जरूर होगा। क्योंकि, आज के एक का नेट रन रेट बढ़ेगा तो दूसरे का गिरेगा।

**सभी टीमों का समीकरण-** बेंगलुरु को बड़ी हार से बचना होगा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 18 पॉइंट्स और +1.065 नेट रनरेट के साथ पहले स्थान पर बनी हुई है। टीम पहले ही प्लेऑफ में पहुंच चुकी है। ज्यादा उम्मीद है कि टीम क्वालिफायर-1 में गुजरात से खेलेगी। दूसरी ओर अगर हैदराबाद 88 रनों से जीत हासिल कर लेती है तो वह टॉप पहुंच जाएगी और बेंगलुरु तीसरे स्थान पर फिसल जाएगी। वहीं, अगर हैदराबाद बाद में बैटिंग करती है तो उसे 150 के आस-पास का टारगेट करीब 11 ओवर में टारगेट चेज करना होगा।

**पंजाब और कोलकाता की उम्मीदें बरकरार-** पंजाब किंग्स (13 अंक) और कोलकाता नाइट राइडर्स (13 अंक) के साथ पांचवें और छठे स्थान पर मौजूद हैं। चेन्नई के बाहर होने से इन दोनों टीमों की प्लेऑफ की रेस और दिलचस्प हो गई है। दोनों टीमों को अपने आखिरी मैचों में न सिर्फ जीत दर्ज करनी होगी, बल्कि राजस्थान रॉयल्स की हार की दुआ भी करनी होगी।

**राजस्थान रॉयल्स जीती तो प्लेऑफ खेलेगी-** राजस्थान 13 मैचों में 14 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। उसके लिए प्लेऑफ का समीकरण सीधा है। उसे 24 मई को होने वाले अपने आखिरी लीग मैच में जीत दर्ज करनी है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत उसे सीधे प्लेऑफ में पहुंचा देगी।

**दिल्ली के चांस काफी कम-** दिल्ली कैपिटल्स 13 मैच में 12 पॉइंट्स के साथ सातवें स्थान पर है। टीम का नेट रनरेट (-0.871) काफी खराब है। दिल्ली को कोलकाता के खिलाफ जीत के साथ राजस्थान, पंजाब की बहुत बड़ी हार की उम्मीद करनी होगी।

**मुंबई, चेन्नई और लखनऊ बाहर-** मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी है। चेन्नई अपने सभी 14 मैच खेल चुकी है। मुंबई और लखनऊ के 13-13 मैच में बराबर 8 अंक है। मुंबई पॉइंट्स टेबल में नौवें, जबकि लखनऊ सबसे नीचे 10वें स्थान पर है। मुंबई 24 मई को राजस्थान से अपना आखिरी लीग मैच खेलेगी, जबकि लखनऊ 23 मई को पंजाब के खिलाफ खेलेगी।

### टूर्नामेंट के टॉप प्लेयर्स

साई सुदर्शन के पास ऑरेंज कैप गुजरात के दोनों ही ओपनर ऑरेंज कैप लिस्ट में वैभव सूर्यवंशी से आगे निकल गए हैं। दोनों ने इस सीजन 600 रनों का आंकड़ा पार कर लिया है।

भुवनेश्वर कुमार के पास पर्पल कैप बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार 24 विकेट के साथ पर्पल कैप की रेस में सबसे आगे चल रहे हैं। वहीं गुजरात टाइटंस के कगिसो रबाडा चेन्नई के खिलाफ मैच में 3 विकेट चटकाए। अब वे 14 मैच में 24 विकेट के साथ दूसरे नंबर पर है। चेन्नई के अंशुल कम्बोज तीसरे नंबर पर हैं।

### आईपीएल में आज हैदराबाद-बेंगलुरु

# आरसीबी जीती तो नंबर वन पोजीशन पक्की



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

आईपीएल 2026 में शुक्रवार को डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद की टीमें आमने-सामने होंगी। मैच हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा।

दोनों टीमों की नजरें पॉइंट्स टेबल में टॉप-2 में फिनिश करने पर होंगी। आरसीबी फिलहाल 18 पॉइंट्स और +1.065 के सबसे बेहतर नेट रन रेट के साथ टॉप पर है। शुक्रवार को जीत मिलने पर बेंगलुरु की नंबर-1 पोजीशन पक्की हो जाएगी और उसे फाइनल में पहुंचने के दो मौके मिलेंगे।

सनराइजर्स हैदराबाद 13 मैचों में 16 पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर है। उसके पॉइंट्स गुजरात टाइटंस के बराबर हैं, लेकिन कम नेट रन रेट के कारण वह पीछे है। हैदराबाद का नेट रन रेट +0.350 और गुजरात का +0.400 है। टॉप-2 में पहुंचने के लिए हैदराबाद को फ्छ्इ को बड़े अंतर से हराना होगा।

**आईपीएल में दोनों टीमें 27वीं बार भिड़ेंगी-** आईपीएल में दोनों टीमें 26 बार भिड़ चुकी हैं। एसआरएच ने 13 और आरसीबी ने 12 मैच जीते हैं। एक मैच टाई रहा। इस सीजन दोनों टीमें दूसरी बार भिड़ेंगी। 28 मार्च को बेंगलुरु में खेले गए मैच में आरसीबी ने एसआरएच को 6 विकेट से हराया था। इस मैच में आरसीबी का पलड़ा थोड़ा भारी माना जा रहा है, क्योंकि सनराइजर्स हैदराबाद इस सीजन में उतार-चढ़ाव से गुजरी है। टीम ने लगातार पांच मैच जीतकर शानदार लय पकड़ी थी, लेकिन पिछले चार मुकाबलों में से दो हारे हैं।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छुट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोनि सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









### भारतीय रिजर्व बैंक ने

# महाराष्ट्र के यशवंत सहकारी बैंक का लाइसेंस रद्द किया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक ने महाराष्ट्र के द यशवंत सहकारी बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया है। बैंक के पास पर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावनाएं न होने के कारण यह फैसला लिया गया। जमाकताओं को 5 लाख रुपये तक की बीमा राशि मिलेगी।

भारतीय रिजर्व बैंक ने महाराष्ट्र के फलटन स्थित द यशवंत सहकारी बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया है। बैंक के पास पर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावनाएं नहीं होने के कारण यह बड़ा कदम उठाया गया है। यह निर्णय 19 मई 2026 को कारोबार बंद होने के बाद से प्रभावी हो गया है।

रिजर्व बैंक ने बताया कि बैंक बैंकिंग विनियमन अधिनियम की कुछ आवश्यकताओं का पालन करने में विफल रहा है। बैंक अपनी वर्तमान वित्तीय स्थिति के साथ जमाकताओं को पूरा भुगतान करने में असमर्थ था। केंद्रीय बैंक ने कहा कि बैंक का संचालन जारी रखना जमाकर्ताओं के हितों के प्रतिकूल होगा। महाराष्ट्र के सहकारिता आयुक्त और सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार से बैंक को बंद करने का आदेश जारी करने का अनुरोध किया गया है। साथ ही, बैंक के लिए एक परिसमापक नियुक्त करने की भी मांग की गई है। परिसमापन पर, प्रत्येक जमाकर्ता अपनी जमा राशि के 5 लाख रुपये तक की जमा बीमा दावा राशि प्राप्त करने का हकदार होगा। बैंक द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, करीब 99.02 फीसदी जमाकर्ता अपनी पूरी जमा राशि प्राप्त करने के हकदार थे। जमा बीमा और ऋण गारंटी निगम ने 20 अप्रैल 2026 तक 106.96 करोड़ रुपये का भुगतान पहले ही कर दिया है।

### सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने

# अर्थव्यवस्था के लिए अग्निपरीक्षा का दौर, लेकिन हम तैयार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी मौजूदा संकट के कारण कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया है। इसका सीधा असर रुपये पर पड़ा है और उसमें रिकॉर्ड गिरावट दर्ज की गई है। इस बीच, सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने भारत की आर्थिक मजबूती के बारे में सकारात्मक बातें कहीं हैं। पीएम मोदी की ओर से देश के लोगों से मितव्ययिता की अपील के बीच सीईए क्या-क्या कहा है, आइए जानते हैं विस्तार से।

पश्चिम एशिया में जारी संकट देश के भुगतान संतुलन की असल परीक्षा है। इसका महंगाई, चालू खाते और विनिमय दर पर सीधा असर पड़ता है। सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने मंगलवार को यह यह बात कही। हालांकि, नागेश्वरन ने यह भी कहा कि भारत में बुनियादी ढांचे पर किया गए निवेश और सुधारों से मौजूदा स्थिति से निपटने में मदद मिल सकती है।

पश्चिम एशिया में जारी भारी तनाव और संघर्ष का सीधा असर अब वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ-साथ भारत पर भी दिखने लगा है। अमेरिका और इस्राइल की ओर से ईरान पर किए गए हमले के बाद पिछले दो महीनों से होर्मुज जलडमरूमध्य प्रभावी रूप से बंद है, इससे वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में 60 प्रतिशत से अधिक का उछाल आया है। इस संकट पर देश के मंगलवार को मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस संकट को भारत के भुगतान संतुलन के लिए परीक्षा (लाइव बैलेंस ऑफ पेमेंट (बीओपी) स्ट्रेस टेस्ट) करार दिया। किसी देश के पास विदेशों से आने और विदेशों में जाने वाले डॉलर का हिसाब होता है। इसी को इसी को भुगतान संतुलन या बैलेंस ऑफ पेमेंट कहते हैं।

उन्होंने कहा कि इसका सीधा असर महंगाई, चालू खाते और विनिमय दर पर पड़ रहा है, लेकिन भारत का मजबूत बुनियादी ढांचा इस चुनौती से निपटने में पूरी तरह सक्षम है। वहीं, हालात को देखते हुए प्रधानमंत्री ने भी देशवासियों से ईंधन और विदेशी मुद्रा बचाने की अपील की है।



## पश्चि एशिया संकट भारत के लिए कितनी बड़ी चुनौती?

- नागेश्वरन ने बताया कि यह संकट केवल विदेश नीति का मुद्दा नहीं है, बल्कि आर्थिक मोर्चे पर एक बड़ी चुनौती है। भारतीय अर्थव्यवस्था की ऊर्जा जरूरतों के लिए खाड़ी देशों पर भारी निर्भरता हैः
- भारत अपनी जरूरत का 87 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है, जिसका 46 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आता है।
- इस मार्ग पर टैंकरों की आवाजाही का सात-दिवसीय औसत गिरकर केवल 5 रह गया है।
- देश का 60 प्रतिशत एलपीजी (एलपीजी) आयात होता है, और इसका 90 प्रतिशत से अधिक खाड़ी देशों से आता है।
- भारत में आने वाले कुल रेमिटेंस (देश के बाहर रहने वाले लोगों की ओर से देश में भेजा जाने वाला धन) का 38 प्रतिशत खाड़ी देशों से आता है।
- महंगे कच्चे तेल के कारण भारत का आयात बिल तेजी से बढ़ने की आशंका है, जिससे विदेशी मुद्रा भंडार में सेंध लग सकती है। अनुमान है कि चालू खाता घाटा वित्त वर्ष 2026 के 0.8 प्रतिशत से बढ़कर 1.3 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। इसका असर मुद्रा पर भी दिखा है और मंगलवार को एक डॉलर के मुकाबले रुपया 95.63 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया।

## पीएम मोदी ने देश से क्या अपील की है?

पश्चिम एशिया के इस संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तेलंगाना में एक रैली के दौरान विदेशी मुद्रा बचाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम सुझाए। उन्होंने जनता से पेट्रोल-डीजल का कम इस्तेमाल करने, कार-पूलिंग करने, इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग बढ़ाने और शहरों में मेट्रो का सफर करने की अपील की। इसके अलावा, पीएम मोदी ने पार्सल भेजने के लिए रेलवे का उपयोग करने, वर्क फ्रॉम होम अपनाने और सोने की खरीदारी व विदेश यात्राओं को फिलहाल टालने का आग्रह किया है ताकि देश का विदेशी मुद्रा भंडार सुरक्षित रहे।

सीआईआई इंडिया बिजनेस सत्र को संबोधित करते हुए नागेश्वरन ने स्पष्ट किया कि वित्त वर्ष 2027 के लिए चालू खाते को विश्वनीय तरीके से प्रबंधित करना, उसे फाइनेंस करना और रुपये की और अधिक गिरावट को रोकना सबसे बड़ी और व्यापक आर्थिक प्राथमिकताएं हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि 2020 से पहले की वैश्विक आर्थिक स्थिति अब वापस नहीं लौटेगी और ऐसा सोचना एक रणनीतिक भूल होगी। नागेश्वरन ने दुनिया में हो रहे चार अहम संरचनात्मक बदलावों के बारे में बताया- भू-आर्थिक बिखरावः सप्लाई चेन को अब केवल मुनाफे के लिए नहीं, बल्कि संकट से बचाव के लिए दोबारा खड़ा किया जा रहा है।

- **तकनीक का बंटवाराः** सेमीकंडक्टर और डिजिटल बुनियादी ढांचा अब प्रतिस्पर्धी तकनीकी इकोसिस्टम में बंट रहा है।
- **ऊर्जा संक्रमणः** स्वच्छ ऊर्जा की तरफ बढ़ने का प्रीमियम या लागत।
- **भू-राजनीतिक जोखिमः** हर बड़े बाजार में अब भू-राजनीतिक खतरों की कीमत स्थायी रूप से तय की जा रही है।

### डॉलर के सामने टूटता रुपया

# अब विदेशी कमाई से अर्थव्यवस्था को सहारा देने की तैयारी में भारत



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया लगातार कमजोर होता जा रहा है और यह गिरावट अब देश की अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी चिंता बनती दिख रही है। मंगलवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 96.37 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर खुला। यह लगातार आठवां कारोबारी सत्र रहा जब रुपये में गिरावट दर्ज की गई। रुपये की कमजोरी से आयात महंगा हो रहा है, विदेशी मुद्रा पर दबाव बढ़ रहा है और चालू खाता घाटा यानी करंट अकाउंट डेफिसिट को लेकर चिंता गहरा रही है। ऐसे में भारत अब एक नई रणनीति पर काम कर रहा है, जिसके तहत विदेशी निवेश से ज्यादा भरोसा भारतीय स्किल्ड वर्कर्स द्वारा विदेशों से भेजे जाने वाले डॉलर पर किया जा रहा है।

सरकार अब वर्कफोर्स एक्सपोर्ट यानी कुशल भारतीय श्रमिकों को बड़े पैमाने पर विदेश भेजने की नीति को तेजी से आगे बढ़ा रही है। माना जा रहा है कि आने वाले वर्षों में यही रणनीति भारत के लिए विदेशी मुद्रा का सबसे बड़ा स्थायी स्रोत बन सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक विदेश मंत्रालय और कौशल विकास मंत्रालय मिलकर इजरायल समेत कई देशों के लिए प्रशिक्षित भारतीय श्रमिकों की तैनाती को तेज करने की दिशा में काम कर रहे हैं। दरअसल दुनिया में रोजगार और माइग्रेशन की भू-राजनीति तेजी से बदल रही है। लंबे समय तक अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और यूरोपीय देशों को भारतीय प्रोफेशनल्स और छात्रों के लिए सबसे बड़ा गंतव्य माना जाता था, लेकिन अब वहां इमिग्रेशन नियम लगातार सख्त हो रहे हैं। बढ़ते राष्ट्रवाद, स्थानीय रोजगार दबाव और राजनीतिक परिस्थितियों के चलते विदेशी श्रमिकों के लिए अवसर सीमित हो रहे हैं। इसके उलट पश्चिम एशिया के देशों में तेजी से कामगारों की मांग बढ़ रही है और भारत इसे बड़े आर्थिक अवसर के रूप में देख रहा है।

### मेटा में बड़े बदलाव की तैयारीः 10% कर्मचारियों की छंटनी की योजना

# 7000 कर्मियों को एआई विभाग में करेगा शिफ्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

मेटा ने कर्मचारियों के साथ साझा किए गए एक मेमो में इस सप्ताह की छंटनी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही मेटा ने 7000 हजार लोगों को एआई विभाग में भेजना की योजना तैयार की है।

फेसबुक की मूल कंपनी मेटा ने इस सप्ताह होने वाली अपनी छंटनी योजना का विवरण साझा किया है। कंपनी ने सोमवार को कर्मचारियों को भेजे एक ज्ञापन में बताया कि वैश्विक कार्यबल में कटौती के साथ संगठनात्मक बदलाव भी किए जाएंगे। इन बदलावों का मुख्य उद्देश्य कंपनी के एआई वर्कफ्लो में सुधार लाना है। यह पुनर्गठन कंपनी के भविष्य की रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, फेसबुक की मूल कंपनी मेटा बुधवार को अपने 10 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी करने की योजना बना रही है। इसके अलावा, इस साल के आखिर तक और भी बड़े स्तर पर कटौती की संभावना जताई गई है।



**7,000 कर्मचारियों को एआई टीमों में भेजा जाएगा-** रॉयटर्स द्वारा देखे गए मेमो में मेटा की चीफ पीपल ऑफिसर जेनेल गैल ने कर्मचारियों को बताया कि कंपनी 7,000 कर्मचारियों को एआई वर्कफ्लो से जुड़ी नई पहलों में स्थानांतरित करेगी। साथ ही कुछ प्रबंधकीय पदों को भी समाप्त किया जाएगा। इसके अलावा, उन्होंने कहा, कई लीडर संगठनात्मक बदलावों की घोषणा करेंगे। मेमो में कहा गया, जैसे-जैसे संगठनात्मक नेतृत्व इन बदलावों पर काम कर रहा था, कई टीमों ने अपनी नई संरचनाओं में एआई-नेटिव डिजाइन सिद्धांतों को शामिल किया। अब हम उस चरण में पहुंच गए हैं, जहां कई संगठन अधिक समतल संरचना के साथ काम कर सकते हैं। इसमें छोटी पॉड और कोहोर्ट टीमों का गठन होगा, जो अधिक तेजी और ज्यादा जिम्मेदारी के साथ काम कर सकेंगी। मेटा के एक प्रवक्ता ने इस योजना पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

**एआई बदलावों से पुनर्गठन को बढ़ावा-** ये बदलाव मेटा की इस साल की व्यापक पुनर्गठन योजना का हिस्सा हैं। कंपनी एआई में निवेश बढ़ा रही है, ताकि एआई एजेंट्स को अपने उत्पादों के साथ-साथ आंतरिक कार्यप्रणाली के केंद्र में भी लाया जा सके।

**कुल 20% कर्मचारियों पर पड़ेगा असर-** रिपोर्ट के अनुसार, कर्मचारियों की छंटनी और ट्रांसफर मिलाकर मेटा के करीब 20 प्रतिशत वर्कफोर्स पर असर पड़ सकता है। कंपनी ने इस प्रक्रिया के तहत 6,000 ओपन जॉब रोल्स भी बंद कर दिए हैं। मार्च 2026 तक मेटा में करीब 77,986 कर्मचारी काम कर रहे थे।

**कर्मचारियों में बढ़ रहा विरोध-** मेटा के अंदर इन बदलावों को लेकर कर्मचारियों में नाराजगी भी बढ़ रही है। कई कर्मचारियों ने ऑफिस में पोस्टर लगाकर विरोध जताया है, जबकि कंपनी के इंटरनल प्लेटफॉर्म वर्कप्लेस पर भी कर्मचारियों ने खुलकर नाराजगी जाहिर की। रिपोर्ट के मुताबिक, 1,000 से ज्यादा कर्मचारियों ने एक याचिका पर हस्ताक्षर किए हैं। इसमें कंपनी द्वारा माउस-ट्रैकिंग सॉफ्टवेयर इस्तेमाल करने का विरोध किया गया है।

### सरकार ने अफवाहों का खंडन किया

# मंदिरों के सोने के मुद्रीकरण की कोई योजना नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने साफ किया कि मंदिरों के सोने के मुद्रीकरण की कोई योजना नहीं है। सरकार ने इन अफवाहों को पूरी तरह से गलत और भ्रामक बताया। नागरिकों से आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करने का आग्रह किया गया। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

सरकार ने मंदिरों के पास रखे सोने के मुद्रीकरण की किसी भी योजना से इन्कार किया है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को इन अफवाहों और अटकलों को पूरी तरह से गलत बताया है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि ऐसी कोई योजना विचाराधीन नहीं है।

वित्त मंत्रालय ने एक स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि देश भर के मंदिर न्यासों या किसी भी धार्मिक संस्थान के पास रखे सोने के लिए मुद्रीकरण योजना शुरू करने की कोई योजना नहीं है। ये अफवाहें पूरी तरह से झूठी, भ्रामक और निराधार हैं। मंत्रालय ने उन दावों को भी खारिज कर दिया जिनमें कहा गया था कि मंदिर के गुंबदों, दरवाजों या अन्य संरचनाओं पर लगी सोने की परतें 'भारत के रणनीतिक स्वर्ण भंडार' का हिस्सा मानी जाएंगी। इन दावों को भी गलत और निराधार बताया गया। सरकार ने नागरिकों से ऐसी अफवाहों पर विश्वास न करने और उन्हें प्रसारित न करने का आग्रह किया है। असत्यापित जानकारी फैलाने से अनावश्यक भ्रम पैदा होता है और जनता गुमराह हो सकती है।

**आधिकारिक संचार पर भरोसा करें-** सरकार ने सभी नागरिकों से केवल अधिकृत माध्यमों से जारी आधिकारिक संचार पर ही भरोसा करने का आग्रह किया है। नीतिगत निर्णयों या सरकारी योजनाओं से संबंधित कोई भी जानकारी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्तियों, सरकारी वेबसाइटों और सत्यापित सार्वजनिक संचार मंचों के माध्यम से साझा की जाएगी। यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि जनता को सही और विश्वसनीय जानकारी मिले।

## धार भोजशाला विवाद में सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मुस्लिम पक्ष

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

धार भोजशाला मामले में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ मुस्लिम पक्ष सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। गुरुवार को मुस्लिम पक्ष ने विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दाखिल कर दी है। हाईकोर्ट ने करीब 6 दिन पहले अपने आदेश में धार स्थित भोजशाला परिसर को वाग्देवी (सरस्वती) मंदिर से जुड़ा प्राचीन धार्मिक स्थल माना था।

मुस्लिम समाज के सदर अब्दुल समद ने बताया कि फैसले से समुदाय में निराशा है और इसे एकतरफा बताते हुए चुनौती दी गई है। वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद इस मामले में जल्द सुनवाई और हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की मांग करेंगे। कोर्ट के समक्ष कुछ महत्वपूर्ण तथ्य सही तरीके से प्रस्तुत नहीं किए गए।

### हाईकोर्ट का फैसला क्या था

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि भोजशाला परिसर ऐतिहासिक रूप से देवी सरस्वती से जुड़ा मंदिर है। अदालत ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (अरक) की रिपोर्ट, ऐतिहासिक साक्ष्य और अयोध्या मामले के कानूनी सिद्धांतों को आधार माना।

हाईकोर्ट ने यह भी कहा था कि केंद्र सरकार और अरकको इस स्थल के प्रबंधन और संरक्षण पर निर्णय लेना चाहिए। साथ ही अरकका 2003 का वह आदेश रद्द कर दिया गया था, जिसमें पूजा और नमाज को लेकर पूर्व व्यवस्था तय की गई थी।

### 700 साल पुरानी परंपरा का हवाला

अब्दुल समद ने कहा कि कमाल मौला मस्जिद में लगभग 700 वर्षों से जुमे की नमाज अदा होती रही है। उन्होंने कहा कि इस परंपरा को प्रभावित किए जाने से समाज में दुख है, लेकिन लड़ाई पूरी तरह संवैधानिक और कानूनी दायरे में ही लड़ी जाएगी। फैसले के बाद जिले में पुलिस बल अलर्ट पर है और भोजशाला परिसर के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। प्रशासन ने दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

---

### हीटवेव का असर- 35 शहरों में रात का पारा 30 डिग्री

# राजस्थान के हनुमानगढ़ में सबसे ज्यादा 33.7 डिग्री; यूपी का बांदा लगातार 5वें दिन सबसे गर्म

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश में जारी गर्मी से फिलहाल राहत के आसार नहीं हैं, इस बार सबसे बड़ा खतरा ये है कि दिन की हीटवेव के बाद रातें भी गर्म बनी हुई हैं। देश के 35 शहरों में गुरुवार को रात का पारा 30ऌ से ऊपर रहा। सबसे ज्यादा 33.7 डिग्री तापमान राजस्थान के हनुमानगढ़ में रहा।

देश का आधा से ज्यादा हिस्सा गर्मी से तप रहा है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान सहित 10 राज्यों के 24 शहरों में गुरुवार को पारा 45 डिग्री के ज्यादा रहा। वढ का बांदा 47.6 डिग्री के साथ लगातार 5वें दिन देश का सबसे गर्म शहर रहा। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में 47 डिग्री तापमान रहा। यूपी में अगले 3 दिन हीटवेव का रेड अलर्ट है। बिहार के पटना और गयाजी में गर्मी के कारण 22 से 26 मई तक 5वीं तक के स्कूल बंद किए गए हैं। वहीं, राज्य के मधेपुरा और सहरसा में गुरुवार को बारिश हुई, इस दौरान बिजली गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई।

### अगले दो दिन के मौसम का हाल


**23 मई:** राजस्थान में गंभीर हीटवेव का अलर्ट है। रातें भी गर्म रहेंगी। छत्तीसगढ़, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश, पंजाब, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में भी हीटवेव चलेगी।

असम, मेघालय, केरल, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, कर्नाटक और तमिलनाडु में भारी बारिश का अनुमान है।

**24 मई:** बिहार, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, राजस्थान और तेलंगाना में हीटवेव की स्थिति बनी रह सकती है। पश्चिम बंगाल, ओडिशा और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में गर्म और उमसभरा मौसम बना रह सकता है। केरल, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, कर्नाटक और तमिलनाडु में भारी बारिश हो सकती है। आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और झारखंड में 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी-तूफान की चेतावनी दी गई है।

मध्य प्रदेश में नौतपा शुरू होने से पहले ही भीषण गर्मी पड़ रही है। आलम यह है कि सुबह 9 से 11 बजे के बीच पारा 38 से 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। मौसम केंद्र भोपाल के अनुसार, अगले 10 दिन यानी 31 मई तक गर्मी का यह दौर अपने पीक पर रहेगा। शुक्रवार को निवाड़ी, छतरपुर, पन्ना और सतना में तीव्र लू का रेड अलर्ट जारी किया गया है। इन जगहों पर पारा 46 डिग्री के पार जाने की आशंका है।






### आज इन जिलों में हीटवेव का अलर्ट

मौसम विभाग ने शुक्रवार को प्रदेश के 41 जिलों में लू की चेतावनी जारी की है। 4 जिलों में रेड अलर्ट : निवाड़ी, छतरपुर, पन्ना और सतना में तीव्र लू का रेड अलर्ट है। यहां तापमान 46 डिग्री के पार जा सकता है 21 जिलों में तीव्र लू का ऑरेंज अलर्टः ग्वालियर, भिंड, मुरैना, श्योपुर, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, आगर-मालवा, राजगढ़, विदिशा, सागर, दमोह, कटनी, मैहर, उमरिया, शहडोल, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 20 जिलों में लू का येलो अलर्टः भोपाल, नीमच, मंदसौर, रतलाम, उज्जैन, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, सीहोर, शाजापुर, रायसेन, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, जबलपुर, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडौरी और अनूपपुर में येलो अलर्ट है। यहां तापमान 43 से 45 डिग्री के आसपास रहेगा। **9 जिलों में तेज गर्मी:** इंदौर, देवास, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, धार, बड़वानी, झाबुआ और आलीराजपुर में लू की सीधी चेतावनी तो नहीं है, लेकिन उमस और तेज गर्मी का दौर जारी रहेगा।

---

### नीट का पेपर 5 राज्यों में बिका

# महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा, राजस्थान दूसरे नंबर पर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सीबीआई जांच में खुलासा हुआ है कि नीट का पेपर 5 राज्यों में बिका था। सबसे ज्यादा बिक्री महाराष्ट्र में हुई और दूसरा नंबर राजस्थान का है। एजेंसी के अधिकारी ने बताया कि अब तक गिरफ्तार हुए आरोपियों से पूछताछ और डिजिटल गैजेट्स खंगालने के बाद यह जानकारी सामने आई है।

सीबीआई का कहना है कि आगे और आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पेपर लीक का मामला और बड़ा निकल सकता है। इसी कारण एजेंसी अभी यह तय नहीं कर पा रही कि कितने छात्रों ने पेपर खरीदा था। जांच में सामने आया है कि कुछ परिजन ने पेपर को आगे दूसरे लोगों तक बेच दिया था।

सीबीआई को महाराष्ट्र और राजस्थान में पेपर के प्रिंट निकालकर बेचने के सबूत मिले हैं। इसी वजह से अभी यह पता लगाना मुश्किल है कि पेपर कितने लोगों तक पहुंचा। जांच में अब तक सामने आया है कि पेपर लीक का सबसे बड़ा केंद्र महाराष्ट्र था। यहीं से राजस्थान और दूसरे राज्यों के छात्रों तक क्वेश्चन बैंक पहुंचा।

अब सिर्फ पेपर लीक करने वाले बिचौलिए और मास्टरमाइंड ही नहीं, बल्कि भारी रकम देकर पेपर खरीदने वाले रसूखदार माता-पिता भी केंद्रीय जांच एजेंसियों के सीधे निशाने पर हैं। जांच एजेंसी अब उन सभी पेरेंट्स की लिस्ट तैयार कर रही है, जिनके बैंक खातों से शिवराज मोटेगांवकर, पी.वी. कुलकर्णी या उनकी सहयोगी मनीषा वाघमारे (पुणे) के खातों में पैसे ट्रांसफर हुए थे।




**12 मई को परीक्षा रद्द की गई 21 जून को री-एग्जाम होगा**

NEET-UG परीक्षा 3 मई को देश के 551 शहरों और विदेश के 14 केंद्रों पर आयोजित हुई थी। इसमें करीब 23 लाख उम्मीदवार शामिल हुए थे। ठळअ के अनुसार 7 मई की शाम परीक्षा में गड़बड़ी की सूचना मिली थी। इसके बाद मामला केंद्रीय एजेंसियों को सौंपा गया। 12 मई को परीक्षा रद्द की गई और री-एग्जाम का फैसला लिया गया।

एजेंसी ने पेपर लीक करने और इसे बेचने वाले ज्यादातर बड़े चेहरों को बेनकाब कर दिया है, लेकिन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के अलावा बाहर के कुछ किरदार अभी भी शक के दायरे में हैं। इनके खिलाफ सबूत जुटाने में एजेंसी की दो टीमें लगी हैं।

वहीं, तीन टीमें इनसे आगे की कड़ी यानी पेपर खरीदने वाले परिजन और छात्रों की धरपकड़ करने की तैयारी कर रही हैं। 20 मई रात को महाराष्ट्र से इसकी शुरूआत भी हो चुकी है और सीबीआई जल्द ही दूसरे राज्यों में छापेमारी करेगी

NEET-UG 3 मई को देश के 551 शहरों और विदेश के 14 केंद्रों पर आयोजित हुई थी। इसमें करीब 23 लाख उम्मीदवार शामिल हुए थे। NTA के अनुसार 7 मई की शाम परीक्षा में गड़बड़ी की सूचना मिली थी। इसके बाद मामला केंद्रीय एजेंसियों को सौंपा गया। 12 मई को परीक्षा रद्द की गई और री-एग्जाम का फैसला लिया गया।

---

## कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा-बकरीद पर गाय की कुबार्नी जरूरी नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कलकत्ता हाईकोर्ट ने बकरीद से पहले पश्चिम बंगाल सरकार की पशु वध संबंधी गाइडलाइन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि बिना जरूरी फिटनेस सर्टिफिकेट के गाय, भैंस, बैल या बछड़े का वध नहीं किया जा सकता। चीफ जस्टिस सुजय पॉल और जस्टिस पार्थ सारथी की बेंच ने कहा कि खुले सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी पशु का वध पूरी तरह बैन है। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के पुराने फैसले का हवाला देते हुए कहा कि ईद-उल-जुहा में गाय की कुबार्नी इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। पूर्व तृणमूल नेता व विधायक हुमायूं कबीर ने गाइडलाइन का विरोध करते हुए ईद पर हर हाल में कुबार्नी की धमकी दी है। इस पर भाजपा ने कहा कि किसी भी हाल में अवैध स्लॉटरहाउस नहीं चलने दिए जाएंगे। दरअसल 13 मई को बंगाल सरकार ने गोहत्या से जुड़े 1950 के कानून और 2018 के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए एक नोटिस जारी किया था। इसमें कहा गया था कि बिना 'फिटनेस सर्टिफिकेट' के किसी भी मवेशी-भैंस की हत्या पूरी तरह से बैन है। बंगाल सरकार ने कहा कि फिटनेस सर्टिफिकेट केवल किसी नगरपालिका के अध्यक्ष, किसी पंचायत समिति के प्रमुख और एक सरकारी पशु चिकित्सक के साथ मिलकर जारी किया जाएगा। यह सर्टिफिकेट तभी जारी होगा जब अथॉरिटी सहमत हो कि जानवर 14 साल से ज्यादा उम्र का है, वह प्रजनन के लायक नहीं और बूढ़ा है। चोटिल और अपंग है, या लाइलाज बीमारी के कारण अक्षम है।

## ट्रम्प ईरान जंग में नाटो के रुख से नाराजः अमेरिका बोला-

# जो देश हमारी मदद नहीं कर रहे वो नाटो में क्यों हैं

**ब्रह्मास्त्र ▸▸** तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने गुरुवार को कहा कि ईरान युद्ध के दौरान नाटो देशों के रवैये से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प काफी निराश हैं।

रूबियो ने खासतौर पर स्पेन का जिक्र करते हुए कहा कि उसने अमेरिका को अपने सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं दी। उन्होंने कहा कि अमेरिका नाटो का हिस्सा इसलिए है ताकि जरूरत पड़ने पर वह यूरोप और मिडिल ईस्ट जैसे इलाकों में अपने सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल कर सके।

रूबियो ने सवाल उठाते हुए कहा, अगर कोई देश अमेरिका को अपने बेस इस्तेमाल नहीं करने देता, तो फिर वह नाटो में क्यों है? उन्होंने कहा कि ट्रम्प नाटो देशों के सहयोग से खुश नहीं हैं और अमेरिका इस मुद्दे को गंभीरता से देख रहा है।

1. ट्रम्प बोले- जंग के अलावा कोई विकल्प नहीं थाः ट्रम्प ने कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए अमेरिका के पास युद्ध के अलावा कोई विकल्प नहीं था। उन्होंने दावा किया कि होर्मुज में खड़े 1600 तेल जहाज जल्द निकलेंगे, जिससे तेल की कीमतें गिरेंगी।

अमेरिका की धमकियों के बीच ईरान ने दावा किया कि उसके पास कई आधुनिक और अनटेस्टेड हथियार मौजूद हैं। ईरानी सैन्य सूत्रों ने कहा कि अगली बार हमला हुआ तो जवाब बिना किसी संयम के दिया जाएगा।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ईरान के साथ तनाव कम करने और सीजफायर बनाए रखने की कोशिश कर रहा है, जबकि इजराइल दोबारा सैन्य कार्रवाई के पक्ष में है। नेतन्याहू सरकार ईरान पर दबाव बनाए रखना चाहती है।

ईरान युद्ध और सप्लाई संकट की आशंका के बीच ब्रेंट क्रूड 105 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। होर्मुज स्ट्रेट को लेकर तनाव और अमेरिकी तेल भंडार में गिरावट से बाजार में चिंता बढ़ी है।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि अगर ईरान होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों से टोल वसूलता है, तो अमेरिका-ईरान समझौता मुश्किल हो जाएगा। ट्रम्प ने भी कहा कि होर्मुज एक अंतरराष्ट्रीय समुद्री रास्ता है और यहां टोल मंजूर नहीं होगा।

### होर्मुज में जहाजों से फीस वसूलने की तैयारी में ईरान

ईरान और ओमान होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर फीस वसूली के सिस्टम को लेकर बातचीत कर रहे हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक। ईरान की नई बनाई गई पर्सियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी ने कहा कि उसने होर्मुज स्ट्रेट के मैनेजमेंट सुपरविजन एरिया की सीमा तय कर दी है। अथॉरिटी के मुताबिक, यहां से गुजरने के लिए परमिट जरूरी होगा।

फरवरी में अमेरिकी और इजराइली हमलों के बाद ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में कमर्शियल ट्रैफिक लगभग रोक दिया था। इससे अंतरराष्ट्रीय शिपिंग प्रभावित हुई और ऊर्जा कीमतों में तेजी आई। इसके बाद ईरानी अधिकारियों ने इस जलमार्ग से राजस्व जुटाने के विकल्पों पर चर्चा शुरू की।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग है और यहां किसी तरह का टोल नहीं होना चाहिए। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी इसका विरोध किया।

दुनिया के करीब 20% समुद्री तेल और प्राकृतिक गैस की सप्लाई होर्मुज स्ट्रेट से गुजरती है। ऐसे में यहां किसी भी तरह के शुल्क या प्रतिबंध का असर वैश्विक ऊर्जा बाजार और शिपिंग पर पड़ सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान सीधे टोल लगाने के बजाय सर्विस फीस मॉडल पर काम कर रहा है। इसमें जहाजों से ट्रांजिट फीस, पर्यावरण शुल्क और अन्य सेवाओं के नाम पर रकम ली जा सकती है। दो ईरानी अधिकारियों के मुताबिक ओमान अब इस प्रस्ताव में संभावित आर्थिक फायदे देखते हुए हिस्सेदारी पर चर्चा कर रहा है।






## कनाडा में क्रिकेट प्रेसिडेंट के घर पर फायरिंग, रंगदारी से जुड़ी धमकियां मिली थीं

**ब्रह्मास्त्र ▸▸** कनाडा

कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के सरे शहर में क्रिकेट कनाडा के नए प्रेसिडेंट अरविंदर खोसा के घर पर बुधवार सुबह फायरिंग की गई। अरविंदर खोसा ने उइउ न्यूज से पुष्टि की कि उनके घर को निशाना बनाया गया, हालांकि उन्होंने घटना पर ज्यादा जानकारी नहीं दी। रिपोर्ट के मुताबिक घर के दरवाजे, खिड़कियों और बाहरी हिस्से में कम से कम पांच गोलियों के निशान मिले हैं। पुलिस ने बताया कि सुबह करीब 4:40 बजे उन्हें घटना की सूचना मिली थी और उस समय घर के अंदर लोग मौजूद थे। पुलिस के अनुसार, घर से जुड़े एक व्यक्ति को पहले रंगदारी से जुड़ी धमकियां भी मिल चुकी थीं। उइउ की एक पुरानी जांच रिपोर्ट में अरविंदर खोसा का नाम बिश्नोई गैंग से जोड़ा गया था, हालांकि खोसा ने इन आरोपों से इनकार किया था। हाल ही में उइउ ने क्रिकेट कनाडा में भ्रष्टाचार, संगठित अपराध के प्रभाव और मैच फिक्सिंग की कोशिशों को लेकर भी कई आरोपों पर रिपोर्ट प्रकाशित की थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## यूएन में भारत बोला- नरसंहार का इतिहास रखने वाला पाकिस्तान कश्मीर पर भाषण दे रहा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸** ब्रिटेन

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत ने पाकिस्तान पर तीखा हमला बोला। पाकिस्तान द्वारा जम्मू-कश्मीर मुद्दा उठाने पर भारत ने कहा कि नरसंहार का इतिहास रखने वाला देश भारत के आंतरिक मामलों पर भाषण दे रहा है। बुधवार को यूएनएससी में सशस्त्र संघर्षों में नागरिकों की सुरक्षा पर आयोजित बहस के दौरान पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया। इसके जवाब में भारत के स्थायी प्रतिनिधि हरीश पर्वथनेनी ने पाकिस्तान पर कड़ा पलटवार किया। पर्वथनेनी ने कहा कि पाकिस्तान का रिकॉर्ड दिखाता है कि वह अपनी आंतरिक विफलताओं को छिपाने के लिए हिंसा और आक्रामकता का सहारा लेता रहा है। भारत ने अफगानिस्तान में पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाई का भी जिक्र किया। पर्वथनेनी ने कहा कि इस साल रमजान के दौरान पाकिस्तान ने काबुल के ओमिद एडिक्शन ट्रीटमेंट अस्पताल पर बर्बर हवाई हमला किया था। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन वठअटअ का हवाला देते हुए कहा कि इस हमले में 269 नागरिकों की मौत हुई और 122 लोग घायल हुए थे। भारत ने कहा कि यह हमला ऐसे अस्पताल पर हुआ, जिसे किसी भी तरह सैन्य ठिकाना नहीं कहा जा सकता। पर्वथनेनी ने पाकिस्तान पर अंधेरे में निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वठअटअ के मुताबिक, पाकिस्तान की सीमा पार हिंसा के कारण 94 हजार से ज्यादा लोग विस्थापित हुए। भारत ने 1971 के ऑपरेशन सर्चलाइट का भी जिक्र किया।

## सेंट्रल अमेरिकी देश होंडुरास में गोलीबारी, 25 की मौत; बंदूकधारियों ने मजदूरों और पुलिसकर्मियों पर बरसाईं गोलियां

**ब्रह्मास्त्र ▸▸** होंडुरास

होंडुरास में गुरुवार को हुए दो अलग-अलग हमलों में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई। इनमें 19 मजदूर और 6 पुलिसकर्मी शामिल हैं। अधिकारियों के मुताबिक, दोनों हमलों में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोलीबारी की। पहला हमला उत्तरी होंडुरास के त्रूजिलो शहर में एक प्लांटेशन पर हुआ। पब्लिक प्रॉसिक्यूटर ऑफिस के प्रवक्ता यूरी मोरा ने बताया कि हमले में 19 मजदूर मारे गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह इलाका लंबे समय से जमीन विवाद और कृषि संघर्षों का केंद्र रहा है। पर्यावरण कार्यकताओं पर हमलों को लेकर भी यह क्षेत्र पहले चर्चा में रहा है। दूसरा हमला ग्वाटेमाला सीमा के पास ओमोआ शहर में हुआ, जहां बंदूकधारियों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। इसमें 6 पुलिसकर्मी मारे गए, जिनमें एक वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल है। पुलिस के मुताबिक, अधिकारी एंटी-गैंग मिशन पर तैनात थे और राजधानी तेगुसिगाल्पा से ओमोआ जा रहे थे।



# ईरान जंग पर ट्रम्प-नेतन्याहू में टकराव, इजराइल बोला- हमला नहीं रुकना चाहिए, ऐसा किया तो गलती होगी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸** इजराइल

ईरान युद्ध को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। उठठ की रिपोर्ट के मुताबिक, नेतन्याहू चाहते हैं कि ईरान पर हमले जारी रहें, जबकि ट्रम्प फिलहाल बातचीत और डील को मौका देना चाहते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, मंगलवार को दोनों नेताओं के बीच करीब एक घंटे तक फोन पर बातचीत हुई। अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि नेतन्याहू ने ट्रम्प से कहा कि ईरान पर प्रस्तावित हमले रोकना गलती है और सैन्य कार्रवाई जारी रहनी चाहिए। ट्रम्प ने रविवार को नेतन्याहू को बताया था कि अमेरिका ईरान पर नए टारगेटेड हमले की तैयारी कर रहा है।



इस ऑपरेशन को ऑपरेशन स्लेजहैमर नाम दिया जाना था। लेकिन करीब 24 घंटे बाद ट्रम्प ने घोषणा कर दी कि मंगलवार के लिए तय हमलों को फिलहाल रोक दिया गया है। ट्रम्प ने कहा कि कतर, सऊदी अरब और वअए जैसे खाड़ी देशों की अपील पर यह फैसला लिया गया। मेक्सिको के केंद्रीय बैंक ने ब्याज दरों में कटौती की है। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच तनाव के कारण ग्लोबल मार्केट में अनिश्चितता बढ़ी हुई है। बैंक ऑफ मेक्सिको की बैठक के रिकॉर्ड के मुताबिक यह फैसला 3-2 की वोटिंग से लिया गया। अधिकारियों ने कहा कि युद्ध की वजह से महंगाई बढ़ने का खतरा बना हुआ है। केंद्रीय बैंक के सभी सदस्यों ने माना कि इस संघर्ष का असर तेल और दूसरी चीजों की कीमतों पर पड़ सकता है।

### ईरान बोला- होर्मुज से 24 घंटे में 31 जहाज गुजरे

ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स यानी कक्क्ष ने दावा किया है कि पिछले 24 घंटों में 31 जहाज होर्मुज से गुजरे। इन जहाजों की आवाजाही उसकी नौसेना के समन्वय और सुरक्षा के तहत हुई। इनमें तेल टैंकर, कंटेनर जहाज और दूसरे व्यावसायिक जहाज शामिल थे। ईरान की समाचार एजेंसी तस्नीम के मुताबिक नौसेना ने कहा कि होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों को पहले समन्वय करना पड़ता है और उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी ईरानी नौसेना संभाल रही है। होर्मुज दुनिया के सबसे अहम समुद्री व्यापार मार्गों में से एक माना जाता है। दुनिया के बड़े हिस्से का तेल और गैस इसी रास्ते से गुजरता है। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और समुद्री नाकेबंदी के बीच इस इलाके पर पूरी दुनिया की नजर बनी हुई है।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**

1. भगवान, ईश्वर, रब-7
6. रुपए का सोलहवां भाग-2
7. मध्यप्रदेश का एक भाग-3
8. मूल्य, कीमत, दर-2
10. जी, इच्छा, चित-2
11. नल्का, टोंटी-2
13. बारीक, सूक्ष्म-3
14. रेखा, लाइन-3
15. रग, नाड़ी-2
17. अधिकार-2
18. वध, कत्ल, मर्डर-2
20. दौड़ने वाला, धावक (अंग्रेजी-3)
21. एक आंख वाला-2
22. निंदा करना, प्रतिष्ठा खंडित करा-4, 3

**ऊपर से नीचे**

2. निर्माण, बनाना-3
3. एक संगीतकार-4
4. गाड़ी चलानेवाला-4
5. नखरा-2
6. आरामदेय-5
9. इच्छा पूरी करना-2, 3
10. चिंतन-3
12. उत्साह, जिज्ञासा-3
16. हद, सीमा, बार्डर-4
17. हमेशा, सदैव-4
19. बलिदान, परित्याग, विरक्ति-2
21. नास्तिक (उर्दू-2)

**पिछले वर्ग पहेली का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ही | ■ | क | ■ | म | ■ | ह | क |
| ला | ■ | सा | पा | ■ | प | श | ■ | हा |
| म | त | ली | ■ | सां | ■ | क | ल | र |
| ■ | ल | ■ | च | प | ल | ■ | ह | ■ |
| प | ब | रा | ना | ■ | ब | प | ल | ला |
| ■ | ग | ■ | च | हा | र | ■ | हा | ■ |
| भ | र | म | ■ | नि | ■ | प | ना | ह |
| ला | ■ | द | ल | ■ | क | द | ■ | बे |
| ई | ख | ■ | म्हा | ■ | ली | ■ | डा | ली |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 60 | | 40 | | 45 | | 32 | = | 23 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 6 | | 45 | | 1 | = | 50 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 3 | | 70 | | 2 | = | 40 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 15 | | 10 | | 5 | | 5 | = | 30 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 15 | | 39 | | 15 | | 35 | = | 3 / 4 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | श | सी | ज | व | ज | ग | ल | व |
| रा | ज | ल | प्र | क्ल | ला | व | ना | ज | र्क | इ |
| य | प | आ | हे | ज | टी | ला | अ | व | प | रू |
| ई | गौ | व | क्र | व | बा | स | त | ल | ट | प |
| प | ना | ह | प्या | र | तो | हो | स | ही | था | त |
| अ | न | क | प | र | स्व | ल | वी | ण | ई | व |
| द | बु | ब | न | ट्रे | रू | ड्र | र | ज | व | र |
| क | र | कृ | प | क्ष | प | का | र | चो | श | ख |
| र | व | त | ति | रा | हो | प | य | अ | रे | अ |
| क | र | ल | प | र्जु | ज | ता | रे | आ | प | द |
| क | ड | क | अ | ध | ज | वि | त्र | व | त | म |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 3 | | 1 | |
| 2 | 32 | 4 | 39 | 7 | 34 | 4 |
| | | 7 | 4 | | | |
| 5 | 30 | 3 | 38 | 6 | 31 | 1 |
| | | | 6 | 4 | | |
| 3 | 27 | 2 | 25 | 1 | 31 | 6 |
| | 6 | | 4 | | 3 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

सोनू मोनू आपस में बात
कर रहे थे
सोनू - यार मैं अपनी गर्लफ्रेंड को
बर्थडे पर क्या गिफ्ट दूं?
मोनू - मेरा मोबाइल नंबर दे दे।
000000000
पप्पू - नींद के पीछे मत भागो।
गप्पू - फिर?
पप्पू - भागना है तो
पढ़ाई के पीछे भागो...
नींद झक मार के आएगी।
000000000
टीचर - भारत की सबसे
खतरनाक नदी कौन सी है?
स्टूडेंट - भावना।
टीचर - कैसे?
स्टूडेंट - क्योंकि सब
इसमें बह जाते हैं।
टीचर बेहोश!

000000000
संता - पंजाब एक्सप्रेस
कब आएगी?
टीटी - पांच बजे।
संता - लोकल?
टीटी - 9 बजे... आपको
जाना कहां है?
संता - कही नहीं...
बस पटरी पर लेटकर
सेल्फी लेनी है।
000000000
पति - आज खाना
क्यों नहीं बनाया?
पत्नी - गिर गई थी और लग गई।
पति - कहां गिर गई
और कहां लगी?
पत्नी - तकिए पर
गिर गई थी और
आंख लग गई थी।

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# गर्मियों में बढ़ती पानी की खपत, कम होती सप्लाई

# दूषित पानी पीने से डायरिया, उल्टी या इन्फेक्शन जैसी समस्याओं का रिस्क बढ़ता

**गर्मियों में तेज धूप और पसीने की वजह से प्यास ज्यादा लगती है। साथ ही नहाने, खाना पकाने और साफ-सफाई जैसे रोजमर्रा के कामों में भी पानी की खपत बढ़ जाती है। ऐसे में सही तरीके से पर्याप्त मात्रा में पानी स्टोर करना जरूरी हो जाता है।**

थोड़ी सी लापरवाही से नहाने, खाना पकाने और साफ-सफाई जैसे रोजमर्रा के काम प्रभावित हो सकते हैं। हालांकि थोड़ी-सी प्लानिंग और कुछ आसान आदतों से इस समस्या से काफी हद तक बचा जा सकता है।

## गर्मियों में पानी की किल्लत क्यों होती है?

डेली खाने-पीने, नहाने, कूलर में डालने और खेती के कामों में पानी की खपत बढ़ जाती है। शहरों में एक साथ ज्यादा पानी इस्तेमाल होने से सप्लाई सिस्टम पर दबाव बढ़ जाता है। जरूरत से ज्यादा बोरवेल और ट्यूबवेल चलाने से ग्राउंड वाटर सोर्स नीचे चला जाता है। बारिश कम होने और लगातार पानी की खपत से ग्राउंड वाटर सोर्स सीमित हो जाते हैं। कई घरों में पर्याप्त पानी स्टोर करने की व्यवस्था नहीं होती तो समस्या होती है।

## गर्मियों में पानी स्टोर करना क्यों जरूरी है?

गर्मियों में पानी की जरूरत बढ़ती है, लेकिन सप्लाई कम होती है। इसलिए पानी स्टोर करने से मदद मिलती है, जैसे- गर्मी में प्यास ज्यादा लगती है। इसलिए घर में एक्स्ट्रा पीने का पानी रखना चाहिए। नहाने, खाना बनाने और साफ-सफाई जैसे जरूरी काम के लिए भी पानी स्टोर करना जरूरी है। पाइपलाइन खराब होने, बिजली सप्लाई बाधित होने या अन्य इमरजेंसी में स्टोर किया पानी बैकअप का काम करता है। बार-बार पानी भरने की परेशानी से बचने और सभी जरूरतें बिना तनाव के पूरी करने के लिए पानी स्टोर करके रखना जरूरी है।

## गर्मियों में घर में कितने पानी का स्टोरेज होना चाहिए?

जल संरक्षण विशेषज्ञ रामबाबू तिवारी बताते हैं कि गर्मियों में पानी का स्टोरेज परिवार के सदस्यों की संख्या और जरूरत पर निर्भर करता है। एक व्यक्ति को पीने से लेकर बेसिक इस्तेमाल तक औसतन 100-135 लीटर पानी की जरूरत होती है। ड्रिंकिंग वॉटर औसतन 5-7 लीटर प्रति व्यक्ति के हिसाब से स्टोर करना चाहिए। अचानक सप्लाई बंद होने की स्थिति को देखते हुए हर घर में 2-3 दिन का पानी स्टोर होना चाहिए। अगर घर में 4 लोग हैं तो रोज लगभग 500-600 लीटर पानी लग सकता है। ऐसे में कम-से-कम 1000-1500 लीटर स्टोरेज रखना सुरक्षित माना जाता है।

## अगर कूलर, गार्डनिंग या ज्यादा पानी वाले काम हैं तो स्टोरेज क्षमता और बढ़ानी चाहिए।

पानी स्टोर करते समय साफ-सफाई का खास ख्याल रखना जरूरी है, ताकि पानी दूषित न हो। पानी हमेशा साफ, ढके हुए और फूड-ग्रेड बर्तनों में स्टोर करना चाहिए। स्टोरेज कंटेनर को नियमित रूप से धोना और सुखाना जरूरी है, ताकि उसमें बैक्टीरिया या काई न जमे।






■ वर्ष-12 अंक-198 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 22 मई, 2026

## सुभाषितानि

अजरामरवत् प्राज्ञः विद्यामर्थं च साधयेत्।
गृहीत एव केशेषु मृत्युना धर्ममाचरेत्॥

**भावार्थ** : यह समझते हुए कि बुढ़ापा और मृत्यु नहीं आने वाली है, मनुष्य ने ज्ञान और धन प्राप्त कर लिया है; लेकिन मौत ने हमारे बाल पकड़ लिए हैं, इसे समझें और धर्म का पालन करें।

क्षणशः कणशश्चैव विद्यामर्थं च साधयेत्।
क्षणे नष्टे कुतो विद्या कणे नष्टे कुतो धनम्॥

**भावार्थ** : एक क्षण भी गँवाए बिना ज्ञान चाहिए और एक-एक कण को बचाकर धन इकट्ठा करना चाहिए। क्षण को खो देने वाले को ज्ञान कहाँ और कण को क्षुद्र समझने वाले के लिए धन कहाँ है?

## बालिकायाः मातुः शिकायतया एषः प्रकरणः उद्धृतः अस्ति

ब्रह्मास्त्र ›› हैदराबाद

१७ वर्षीयायाः बालिकायाः मातुः शिकायतया एषः प्रकरणः उद्धृतः अस्ति। शिकायतया भारतीयन्यायसंहिता-पोक्सो-अधिनियमस्य प्रासंगिक-धाराणाम् अन्तर्गतं प्रकरणस्य पञ्जीकरणं जातम्। पुलिसेन उक्तं यत् पीडितायाः आयुःसम्बद्धाः दस्तावेजाः-विशेषतः तस्याः जन्मप्रमाणपत्रं, १० कक्षायाः अंकपत्रं च-सीलबद्धे लिफाफे न्यायालये प्रस्तूयन्ते एतेषां दस्तावेजानुसारं बालिकायाः आयुः १७ वर्षाणि त्रयः मासाः च इति अभिलेखः अस्ति। अस्य विषयस्य विषये वक्तव्यं निर्गत्य केन्द्रीयमन्त्री पुष्टिं कृतवान् यत्, कानूनस्य न्यायव्यवस्थायाः च आदरात् सः स्वपुत्रं अन्वेषणार्थं पुलिसाय समर्पितवान्। मन्त्री न्यायस्य दृष्टौ सर्वे समानाः इति प्रतिपादितवान्, स्वपुत्रः वा कोऽपि सामान्यः नागरिकः वा सर्वेषां नियमस्य पालनम् अवश्यं कर्तव्यम् इति।

## सम्पादकीयम्

### द्वितीयकार्यकाले

द्वितीयकार्यकाले सः एतत् संघर्षं अधिकं वर्धयति स्म, १२५% यावत् शुल्कं थप्पड़ं मारयति स्म। परन्तु चीनस्य दुर्लभपृथिवीखनिजानां नियन्त्रणस्य कारणात् अन्ततः ट्रम्पः सम्झौतां कर्तुं बाध्यः अभवत्। परस्पर आवश्यकता : यद्यपि शुल्कयुद्धं शान्तं जातं स्यात् तथापि अमेरिका-चीनयोः प्रतिद्वन्द्वः स्थास्यति। उभौ राष्ट्रौ परस्परं दबावं कर्तुं प्रयतन्ते, तथापि स्थितिः नियन्त्रणात बहिः सर्पिलरूपेण गन्तुं शक्नोति इति कार्याणि स्थगयन्ति। इरान्-सम्बद्धे संघर्षे अपि एषा गतिशीलता स्पष्टा आसीत्; अमेरिकादेशः इरान्-देशस्य सहायतायाः आरोपितानां कतिपयानां चीनीय-कम्पनीनां विरुद्धं कार्यवाहीम् अकरोत्, यदा तु चीन-देशः वाशिङ्गटन-नीतीनां विरोधं कृतवान्- तथापि, स्थितिः नियन्त्रणे एव अभवत् अस्य निरोधस्य मूलकारणं तेषां परस्परं आश्रयः, आवश्यकता च अस्ति। शान्ति-अन्वेषणम्: चीन-देशस्य कृते अद्यपर्यन्तं अमेरिका-देशः तस्य बृहत्तमः विपण्यः अस्ति। परन्तु अस्मिन् वर्षे शर्करानिर्यातस्य प्रायः १०% न्यूनता अभवत्। एतेन चीनस्य निर्यात-प्रेरित-अर्थव्यवस्थायाः कृते आघातः भवति। खाड़ीराष्ट्रेभ्यः अस्य निर्यातः अपि न्यूनीकृतः अस्ति। तस्य कष्टानि अधिकं वर्धन्ते यत् तेहरानस्य बृहत्तमः तैलक्रेता अस्ति। फलतः विग्रहस्य शीघ्रं समाप्तिम् इच्छति। अपरपक्षे ट्रम्पः इरान्-विषये चीनस्य समर्थनं निवेशं च आवश्यकम् अस्ति। अत एव सः प्रमुखव्यापारनेतृणां प्रतिनिधिमण्डलेन सह आगतः। अस्मात् भ्रमणात् अमेरिकादेशः प्रमुखसौदानां प्रत्याशां कुर्वन्।

## रतलामनगरे राजधानी एक्स्प्रेस् इत्यत्र अग्निः

# २ एसी कोच गुट, दिल्ली-मुम्बई रेल लाइन बाधित



ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

रतलाम- मध्यप्रदेशस्य रतलाममण्डले आलोट् रेलस्थानकस्य समीपे रविवासरे प्रातःकाले दिल्लीनगरस्य निजामुद्दीनं प्रति गच्छन्त्याः राजधानी एक्स्प्रेस् इत्यस्य द्वयोः कोचयोः अग्निः प्रज्वलितः इति कारणेन आतङ्कः उत्पन्नः। आलोट्-विक्रमगढ-रेलस्थानकयोः मध्ये एषा घटना अभवत्। अग्निप्रकोपस्य अनन्तरं दिल्ली-मुम्बई-रेलमार्गे रेलयानानि बाधितानि सन्ति। फलतः अस्मिन् मार्गे गच्छन्तः अनेकाः रेलयानानि समीपस्थेषु विभिन्नेषु स्टेशनेषु स्थगितानि सन्ति। एषः दुर्घटना कोटारेलविभागस्य अधिकारक्षेत्रे, पश्चिममध्यरेलमार्गस्य (जबलपुरक्षेत्रस्य) अन्तर्गतम् अभवत्।

समाचारानुसारं राजधानी एक्स्प्रेस्---त्रिवेन्द्रमतः हजरतनिजामुद्दीनपर्यन्तं गच्छन्ती---अधुना एव रतलामतः प्रस्थिता आसीत्। प्रातः ५:३० वादनस्य समीपे यदा रेलयानं लुनी-विक्रमगढयोः मध्ये आसीत् तदा अज्ञातकारणात् बी-१ कोचमध्ये अचानकं अग्निः प्रज्वलितः। कोचतः उत्पद्यमानं ज्वालाः दृष्ट्वा रक्षकः तत्क्षणमेव लोको-चालकं सचेष्टितवान्, येन रेलयानं तत्क्षणमेव स्थगितम्। रेलवे इत्यस्य शीघ्रकायार्णां कारणेन महती आपदा निवारणम् घटनायाः सूचनां प्राप्य रेलवेकर्मचारिणः महतीं शीघ्रतां प्रदर्शितवन्तः, प्रभावितबचकानां मध्ये प्रायः ६८ यात्रिकान् सुरक्षिततया निष्कास्य अन्येषु विभागेषु स्थानान्तरितवन्तः तदतिरिक्तं ज्वलन्ताः कोचाः मुख्यरेलसङ्घटनात् विच्छिन्नाः आसन्, शेषं रेलयानं च अग्रे गन्तुं अनुमतिः दत्ता। इदानीं अलर्टं प्राप्य अग्निशामकदलस्य अनेकाः निविदाः घटनास्थले त्वरितरूपेण आगत्य तत्क्षणमेव अग्निशामककार्यं आरब्धवन्तः। नई दिल्ली-मुम्बई रेलमार्गे परिचालन बाधित यद्यपि रेलवे-कोटा-विभागस्य अधिकारक्षेत्रे एव एषा घटना अभवत् तथापि अग्निना द्वौ कोचौ पूर्णतया आतङ्कौ अभवताम्। परन्तु एकः प्रमुखः उपशमः अस्ति यत् अस्मिन् घटनायां प्राणहानिः नासीत्। नवीनदिल्ली-मुम्बई-रेलमार्गे रेलयानानि बाधितानि, अन्येषु विभिन्नेषु स्टेशनेषु अपि अनेकानि रेलयानानि निरुद्धानि सन्ति। घटनायाः अन्वेषणार्थं आदेशाः निर्गताः अस्याः घटनायाः पश्चात् रेलमन्त्रालयेन अन्वेषणस्य आदेशः दत्तः अस्ति।

## अस्मिन् एआइ-आधारितं

# लक्ष्य-परिचय-प्रणाली, एन्क्रिप्टेड्-सञ्चार-जालम्

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

अस्मिन् एआइ-आधारितं लक्ष्य-परिचय-प्रणाली, एन्क्रिप्टेड्-सञ्चार-जालम्, झुण्ड-समन्वयः च इत्यादीनि अत्याधुनिकक्षमतानि सन्ति। रक्षाविशेषज्ञाः अस्य मञ्चस्य वर्गीकरणं भविष्यस्य स्वायत्तयुद्धव्यवस्थानां श्रेण्यां कुर्वन्ति।

काल भैरव परियोजनायाः एकं विशिष्टं वैशिष्ट्यं यत् महत्, मानवचालितयुद्धविमानस्य पारम्परिकसंकल्पनातः भिन्नायां दिशि कार्यं करोति स्वायत्तवायुशक्तिः, ड्रोनसमूहप्रौद्योगिक्याः, उन्नतवायुरक्षाप्रणालीषु च आधारितं व्यापकं युद्धपारिस्थितिकीतन्त्रं विकसितं कुर्वन् अस्ति। कम्पनीयाः उद्देश्यं भविष्ये संघर्षेषु मानवीयजोखिमं न्यूनीकर्तुं तथा च द्रुतगतिना, एआइ-सञ्चालितनिर्णयक्षमतानां संवर्धनं च अस्ति। इत्यस्य संस्थापकः मुख्यकार्यकारी च सुहास तेजस्कन्दः भारतीयरक्षा नवीनतायाः प्रमुखः माइलस्टोन् इति एतस्य साझेदारीस्य प्रशंसाम् अकरोत्। सः अवदत् यत् वैश्विकसमुदायः अधुना भारतस्य एआइ-आधारितयुद्धप्रौद्योगिकीषु गम्भीररुचिं प्रदर्शयति, अयं सम्झौता च एतत् प्रमाणरूपेण कार्यं करोति यत् भारतस्य स्वदेशीयरक्षाप्रौद्योगिकी वैश्विकनिर्माणजाले एकीकृत्य आरभते। सः अपि अवदत् यत् पुर्तगालस्य सामरिकं स्थानं-नाटो-सङ्गठनेन सह सम्बद्धेषु रक्षाजालेषु प्रवेशेन सह-यूरोप-अन्तर्गतं नूतनसहकार्यस्य वैश्विकविस्तारस्य च अवसरान् कम्पनीं प्रदास्यति। तेजस्कन्दः अवदत् यत् कम्पनीयाः सर्वव्यापी लक्ष्यं भारतं विश्वस्य प्रमुखेषु रक्षानिर्यातकेषु स्थापनम् अस्ति।

## राशिफल

**मेष** : मेष राशि वालों को आज कामकाज में खास सावधानी बरतने की जरूरत है। धन का निवेश बहुत सोच-समझकर करें।

**वृषभ** : वृषभ राशि वालों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। करियर और निवेश में नए अवसरों की प्राप्ति होगी।

**मिथुन** : मिथुन राशि वालों के लिए आज का दिन सुखद और सकारात्मक रहने वाला है। कार्यस्थल पर आपकी छवि में सुधार होगा।

**कर्क** : आज का दिन चुनौतीपूर्ण हो सकता है। जीवन के कई पहलुओं में आपको निराशा हाथ लग सकती है।

**सिंह** : सिंह राशि वालों के लिए आज का दिन शानदार अवसर लेकर आएगा। आपकी ऊर्जा व रचनात्मकता में वृद्धि होगी।

**कन्या** : कन्या राशि वालों के लिए आज का दिन धन से जुड़े मामलों में चुनौतियों से भरा हो सकता है।

**तुला** :तुला राशि वालों के लिए आज का दिन किसी वरदान से कम नहीं है। धन के मामले में दिन अद्भुत रहने वाला है।

**वृश्चिक** : परिवार से जुड़े मामलों में आपको सतर्कता बरतनी होगी, वरना किसी अपने को ठेस पहुंच सकती है।

**धनु** : धनु राशि वालों के लिए आज का दिन चुनौतियों से भरा रहने वाला है। किसी बात को लेकर मन परेशान हो सकता है।

**मकर** : मकर राशि वालों के लिए आज का दिन शुभ रहने वाला है। आप सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव करेंगे।

**कुंभ** : कुंभ राशि वालों के लिए आज का दिन बहुत खास रहने वाला है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मीन** : मीन राशि वालों के लिए आज का दिन उतार-चढ़ाव भरा हो सकता है। प्यार से जुड़े मामलों में चुनौतियां आ सकती हैं।

## ज्योतिष/वास्तु

# शुक्र और शनि बनाएंगे नवपंचम योग, जून में 5 राशियों को मिलेगी धन और सफलता

25 जून 2026 से शुक्र और शनि के नवपंचम योग का निर्माण होगा, जो एक शक्तिशाली ज्योतिषीय संयोग माना जाता है। इस योग के प्रभाव से 5 राशियों के जीवन में धन लाभ, करियर में सफलता और किस्मत चमकने के प्रबल योग बन सकते हैं।

ज्योतिष शास्त्र में नवपंचम योग को अत्यंत शुभ और प्रभावशाली योग माना जाता है, जो जीवन में सकारात्मक परिणाम और उन्नति का संकेत देता है। यह योग तब बनता है जब दो ग्रह एक-दूसरे से नवम और पंचम भाव में स्थित होते हैं या फिर गोचर के दौरान 120 डिग्री की दूरी पर आ जाते हैं। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार यह स्थिति ग्रहों के बीच विशेष संतुलन और शुभ ऊर्जा का निर्माण करती है। द्रिक पंचांग के मुताबिक 25 जून 2026 से शुक्र और शनि मिलकर नवपंचम योग का निर्माण करेंगे, जिसका प्रभाव कई राशियों के जीवन में देखने को मिलेगा और कुछ जातकों के लिए यह समय विशेष रूप से लाभकारी साबित हो सकता है।

- **मेष राशि-** शुक्र और शनि का नवपंचम योग मेष राशि के जातकों के लिए बेहद सकारात्मक ऊर्जा लेकर आ सकता है। लंबे समय से रुके हुए काम इस दौरान तेजी से आगे बढ़ने लगेंगे और यही कार्य भविष्य में आपकी पहचान का बड़ा हिस्सा बन सकते हैं। करियर में आत्मविश्वास बढ़ेगा और कार्यस्थल पर आपकी परफॉर्मेंस लोगों का ध्यान आकर्षित करेगी। व्यापार से जुड़े लोगों को नए संपर्कों का लाभ मिलेगा, जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार देखने को मिलेगा। अनावश्यक खर्चों में कमी आएगी और धन प्रबंधन बेहतर होगा। पारिवारिक जीवन में भी सामंजस्य बना रहेगा और रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। लव लाइफ में समझदारी और परिपक्वता आएगी, जबकि विद्यार्थियों के लिए यह समय मेहनत के अच्छे परिणाम देने वाला साबित हो सकता है।
- **मिथुन राशि-** मिथुन राशि के लिए यह नवपंचम योग भाग्य के नए द्वार खोलने जैसा साबित हो सकता है। आपको नई दिशा और अवसर प्राप्त होंगे, जो लंबे समय से प्रतीक्षित थे। नौकरीपेशा लोगों को बेहतर अवसर या ऑफर मिलने की संभावना है, जबकि व्यापारियों के लिए विस्तार की योजनाएं गति पकड़ सकती हैं। आय के नए स्रोत बनने से आर्थिक राहत मिलेगी। परिवार से कोई शुभ समाचार मिलने के योग हैं, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। रिश्तों में चल रहे पुराने मतभेद दूर होंगे और स्पष्टता बढ़ेगी। यात्रा के भी योग बन सकते हैं, जो लाभकारी साबित होंगे। विद्यार्थियों के लिए यह समय खुद को साबित करने का अच्छा अवसर लेकर आएगा।
- **सिंह राशि-** सिंह राशि के जातकों के लिए यह योग करियर में नेतृत्व और प्रगति का मजबूत संकेत दे रहा है। कार्यक्षेत्र में आपकी नेतृत्व क्षमता और निर्णय लेने की क्षमता की सराहना होगी। नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जो आपके करियर को आगे बढ़ाने में मदद करेंगी। नौकरी बदलने की सोच रखने वालों को बेहतर अवसर मिल सकते हैं। व्यापार में महत्वपूर्ण निर्णय लाभकारी साबित होंगे और रुका हुआ धन वापस मिलने की संभावना है। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जीवनसाथी का सहयोग मानसिक मजबूती देगा। सामाजिक जीवन में आपकी प्रतिष्ठा और प्रभाव बढ़ेगा।
- **तुला राशि-** तुला राशि के लिए यह नवपंचम योग आकर्षण, प्रगति और सौभाग्य का समय लेकर आ सकता है। आपकी पर्सनैलिटी पहले से अधिक प्रभावशाली होगी और लोग आपकी ओर आकर्षित होंगे। करियर में अचानक अच्छे अवसर मिल सकते हैं और आपकी क्रिएटिविटी की सराहना होगी। व्यापार में नए संपर्क लाभकारी साबित होंगे और निवेश से अच्छा रिटर्न मिलने की संभावना है। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और जीवन में स्थिरता आएगी। पारिवारिक जीवन में खुशी और अपनापन बढ़ेगा। प्रेम संबंधों में मजबूती और भावनात्मक जुड़ाव गहरा होगा। क्रिएटिव क्षेत्रों से जुड़े लोगों के लिए यह समय विशेष सफलता लेकर आ सकता है।
- **मकर राशि-** मकर राशि के जातकों के लिए यह योग मेहनत को सफलता में बदलने वाला साबित हो सकता है। शनि का प्रभाव आपको अनुशासन और धैर्य के साथ आगे बढ़ने की शक्ति देगा। नौकरी में आपकी स्थिति मजबूत होगी और वरिष्ठों का विश्वास प्राप्त होगा। व्यापार में स्थायी लाभ के संकेत हैं और बचत में वृद्धि हो सकती है। विद्यार्थियों के लिए यह समय उनके लक्ष्यों की दिशा में सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आर्थिक स्थिति में सुधार देखने को मिलेगा और भविष्य के लिए मजबूत आधार तैयार होगा। परिवार के साथ संबंध बेहतर होंगे और घर का वातावरण शांतिपूर्ण और संतुलित रहेगा।

## खबर एक नजर...

### मान के कार्यक्रम में गये युवक का फोड़ा सिर

**उज्जैन।** ग्राम नागपुरा का रहने वाला बादल पिता भगवानसिंह 23 साल रिश्तेदारी में आयोजित मान के कार्यक्रम में शामिल होने के लिये उन्हेल के ग्राम हापाखेड़ा गया था। जहां सुरेश और महेश भी आये हुये थे। दोनों से बादल का 2 माह पहले विवाद हुआ था। भोजन के दौरान के आमने-सामने बैठने की बात पर विवाद हो गया और सुरेश, महेश ने पत्थर से बादल का सिर फोड़ दिया। बीच बचाव में कमल पिता लक्खा बंजारा आया तो उसके साथ भी मारपीट की। मामले में उन्हेल थाना पुलिस ने घायलों की शिकायत पर मारपीट करने वाले दोनों युवकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर बादल को सिर में लगी गंभीर चोंट के चलते उपचार के लिये उज्जैन चरक अस्पताल भेजा।

### दूसरी पत्नी के पुत्र ने साथियों के साथ मिलकर मारा चाकू

**उज्जैन।** शांतिनगर में रहने वाला मुकेश पिता रामचंद्र माली 35 साल मजदूरी करता है। उसने पिंकी नामक महिला से दूसरी शादी कर रखी है। वह भी शांतिनगर में रहती है। बीती शाम मुकेश घर लौटा तो दूसरी पत्नी ने घर खर्च के रुपए मांगे। दोनों के बीच विवाद हो गया। इसी बीच पिंकी का पुत्र प्रिंस प्रजापत अपने 2 साथियों के साथ आया और मां से विवाद कर रहे मुकेश को देख चाकू मार दिये और जान से मारने की धमकी दी। नीलगंगा थाना एसआई वेदप्रकाश साहू ने बताया कि घायल की सूचना चरक अस्पताल से मिलने पर बयान दर्ज कर प्रिंस के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश की जा रही है।

### युवक पर ईट से हमला कर ट्रेक्टर में की गई तोड़फोड़

**उज्जैन।** ग्राम रोहिडा का रहने वाला अर्जुन पिता रामलाल जाटवा ट्रेक्टर-ट्राली में गेहूं भरकर ग्राम बलाईखेड़ा वेयर हाऊस गया था। जहां ट्रेक्टर-ट्राली की कतार लगी थी। उसने अपना ट्रेक्टर भी लाईन में खड़ा कर दिया। उसी दौरान प्रभु बंजारा वहां आया और कहा कि मेरे घर के सामने से ट्रेक्टर-ट्राली हटा। अर्जुन ने वेयर हाऊस पर आने की बात कही तो प्रभु बंजारा ने विवाद करते हुए ईंट से हमला कर दिया। यहीं नहीं ट्रेक्टर में तोड़फोड़ कर नुकसान किया। मामले में महिदपुर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### सास ने डंडे से मारा तो बहू ने खा लिया जहरीला पदार्थ



**उज्जैन।** बड़नगर तहसील के ग्राम पडूनिया में रहने वाली सपना परमार 25 साल का बुधवार-गुरूवार रात पति गोकुल से विवाद हो गया। पति मजदूरी कर लौटा था, दोनों के बीच हो रहे विवाद की आवाज सुनकर गोकुल की मां सागरबाई उनके कमरे में पहुंची, जहां सागरबाई ने पुत्र से विवाद कर रही बहू को डंडे से पीट दिया। इसी बात से नाराज होकर सपना ने गेहूं में रखने वाला जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर उसे परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां से डॉक्टरों ने उज्जैन रैफर कर दिया। पुलिस सपना के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू करेगी। फिलहाल सपना की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 1556-2 | 130-4 |
| मेन बाजार | 569-0 | - |
| मिलन डे | 159-5 | 279-8 |
| मिलन नाइट | 125-8 | 580-3 |

3 7 9

## कैमरे में कैद हुई वारदात, पुलिस ने शुरू की तलाश

# सांदीपनी आश्रम में महिलाओं ने चुराई सोने की चेन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

84 महादेव मंदिरों में शामिल एक महादेव का मंदिर सांदीपनी आश्रम में बना हुआ है। जहां दर्शन के दौरान महिला श्रद्धालु के गले से सोने की चेन चोरी हो गई। आश्रम में लगे कैमरे देखने पर वारदात करते 3 महिला दिखाई दी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर तीनों की तलाश शुरू की है।



कानीपुरा मार्ग नागेश्वरधाम कालोनी में रहने वाली श्यामली पति जितेन्द्र अग्रवाल बुधवार को 84 महादेव मंदिर के दर्शन पर निकली थी। इस दौरान वह सांदीपनी आश्रम में महादेव मंदिर पहुंची। जहां दर्शन के बाद बाहर आई तो उनके गले से सवा तोला वजनी पुश्तैनी चेन गायब थी। पहले चेन की तलाश आश्रम परिसर और महादेव मंदिर के आसपास की गई, लेकिन नहीं मिली। श्रद्धालु महिला ने अपने देवर मनीष अग्रवाल को चेन गायब होने की जानकरी दी। मनीष सांदीपनी आश्रम पहुंचा और वहां लगे सीसीटीवी कैमरों को आश्रम प्रबंधन के माध्यम से चैक कराये। जिसमें तीन महिलाये वारदात को अंजाम देती दिखाई दी। चेन चोरी होने की शिकायत जीवाजीगंज थाना पुलिस को दर्ज कराई गई। थाना प्रभारी प्रतिक शर्मा ने बताया कि फुटेज के आधार पर तीनों महिलाओं की तलाश शुरू की गई है।

**वारदात करने बाहर से आती महिलाएं-** पूर्व में हो चुकी वारदातों के दौरान चेन चुराने वाली कुछ महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। जो अन्य प्रदेशों से आना सामने आई थी। ऐसी वारदातों करने वाली महिला श्रद्धालु बनकर भीड़ के बीच पहुंचती है। जिनकी संख्या 3 से 4 के लगभग होती है। वारदात करने वाली महिला चुराई चेन, मंगलसूत्र तुरंत अपने साथ आई महिलाओं को सौंप देती है जो भीड़ के बीच बाहर निकल जाती है।

### पहले भी मंदिरों में हो चुकी है वारदात

सांदीपनी आश्रम में हुई चेन चोरी की वारदात से पहले शहर में बड़े धार्मिक आयोजनों के दौरान महाकाल मंदिर, मंगलनाथ मंदिर, गढकालिका मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर महिला श्रद्धालुओं के साथ चेन चोरी की वारदाते सामने आ चुकी है। हर बार भीड़ के बीच वारदात करने वाली महिलाएं ही सामने आई है। पूर्व में महाकाल मंदिर में हुई वारदातों के मामले में आरोपित महिलाओं को पकड़ा भी जा चुका है। लेकिन अन्य मंदिरों में वारदात करने वाली महिलाओं का पता नहीं चल पाया था।

### गर्दन पर दुपट्टे का पल्लू रख की वारदात

बताया जा रहा है कि सीसीटीवी कैमरे में वारदात करने वाली तीनों महिला श्रद्धालुओं की भीड़ में श्यामली अग्रवाल के पीछे तक महादेव मंदिर पहुंची थी। एक महिला ने पिंक साड़ी और दूसरी ने पीली साड़ी पहनी थी। तीसरी महिला सूट पहने थी और चश्मा लगा रखा था। उसने नीला स्क्रॉल डाल रखा था। जिसे श्यामली अग्रवाल की गर्दन पर अपना दुपट्टा रखा और बड़ी सफाई के साथ चेन तोड़कर चोरी कर ली। वारदात के बाद तीनों तेजी से आश्रम के बाहर निकल गई। पुलिस फुटेज समाने आने के बाद तीनों महिलाओं के भागने वाले रास्ते को ट्रेस कर रही है।

# मोबाइल चलाने से मना करने पर बालक ने छोड़ा था घर



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

बड़नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले 11 साल के बालक गुरूवार को परिजनों से मोबाइल चलाने से मना किया तो वह नाराज होकर घर से चला गया। कहीं नहीं मिलने पर पिता विनोद पाल ने मामले की जानकारी थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार को दी। थाना प्रभारी ने बालक की तलाश के लिये टीम को अलर्ट किया और रेलवे-बस स्टेंड पर सर्चिंग शुरू कराई। पता चला कि बालक उज्जैन की बस में बैठाकर गया है। बड़नगर पुलिस ने उज्जैन पुलिस और सायबर टीम से संपर्क कर बालक की तलाश शुरू कराई। बालक देवासगेट बस स्टेंड से रेलवे स्टेशन और वहां से भोपाल की ओर जाने वाली मालवा एक्सप्रेस में सवार होना सामने आया। बालक को दस्तयाब करने के लिये शाजापुर, शुलाजपुर और भोपाल रेलवे पुलिस को सूचना दी गई। रेल्वे पुलिस की तत्परता से शुजालपुर में एसआई संदीप कपूर के माध्यम से दस्तयाब कर लिया गया। जहां से बालक को बड़नगर लाया गया। पूछताछ में बालक ने मोबाइल चलाने पर मां द्वारा बार बार डांटने की बात से नाराज होकर घर छोड़ने की बात कहीं। थाना प्रभारी पाटीदार ने समझाईश के बाद बालक को परिजनों के सुपुर्द किया।

# क्षिप्रा के बड़े पुल पर लटकी फायर बिग्रेड




**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

क्षिप्रा नदी के उज्जैन-बड़नगर के बीच बने बड़े पुल पर गुरूवार सुबह बड़ा हादसा टल गया। ब्रिज की रेलिंग तोड़ फायर बिग्रेड लटक गई। गनीमत रही कि गाड़ी नदी में नहीं गिरी, जिसे बाद में क्रेन की मदद से निकाला गया।

नगर निगम की फायर बिग्रेड की एक गाड़ी सुबह बड़े पुल से बड़नगर मार्ग की ओर जा रही थी। उसी दौरान सामने से आ रही कार को बचाने का प्रयास करते समय चालक का संतुलन डगमगा गया और फायर बिग्रेड ब्रिज की रैलिंग तोड़ लटक गई। गनीमत रही कि गाड़ी नदी में नहीं गिरी, चालक ने बमुश्किल अपनी जान बचाई और गाड़ी से बाहर आ गया। मामले की जानकारी लगते ही जीवाजीगंज थाना पुलिस और यातायात पुलिस मौके पर पहुंचे। क्रेन की मदद से फायर बिग्रेड को निकाला गया। विदित हो कि पिछले वर्ष सितंबर माह में उन्हेल थाना पुलिस की गाड़ी भी बाइक को बचाने का प्रयास करते समय बड़े पुल से क्षिप्रा नदी में जा गिरी थी। जिसमें थाना प्रभारी, एसआई और महिला पुलिसकर्मी सवार थे। तीनों को निकालने के लिये 2 दिनों तक क्षिप्रा में रेस्क्यू अभियान चला गया था।

# मुंबई की युवती से दुष्कर्म के आरोपी को बड़नगर पुलिस ने पकड़ा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

मुम्बई की रहने वाली युवती रात 2 बजे बड़नगर थाने पहुंची और बताया कि उसके साथ शादी का झांसा देकर युवक ने दुष्कर्म किया है। मामला संगीन होने पर रात में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया और 24 घंटे में आरोपी को गुरूवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।



बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि मंगलवार-बुधवार रात 2 बजे के लगभग मुम्बई के दादार स्थित हॉस्टल में रहने वाली 21 वर्षीय युवती ने थाने आकर मौखिक शिकायत दर्ज कराई कि उसको शादी का झांसा देकर विकास उर्फ अंकित पिता जगदीश शर्मा ने बुलाया था। वह बड़नगर आई तो उसके साथ एक मकान में गलत काम किया गया। विकास दोबारा शराब पीकर आया और जबदस्ती दुष्कर्म किया। मामला गंभीर होने पर युवती की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया और विकास शर्मा की तलाश शुरू की गई। इस दौरान सामने आया कि विकास शर्मा मूलरूप से उज्जैन स्थित ग्यास का बाड़ा क्षेत्र का रहने वाला है और बड़नगर में बैंड बजाने का काम करता है। थाना प्रभारी ने उसकी गिरफ्तारी के लिये एसआई हेमन्त कटारे, विकास देवड़ा, चांदनी पाटीदार, प्रधान आरक्षक हेमराज खरे, राहुलसिंह राठौर, आरक्षक मनोहर मोहरी, नारायण सरा, कैलाश गरवाल, और सैनिक भुपेन्द्रदास की टीम बनाई। टीम ने उज्जैन और बड़नगर में तलाश करते हुए 24 घंटे में विकास शर्मा को हिरासत में ले लिया। जिसे गुरूवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

**इंस्टाग्राम पर विकास से हुई थी दोस्ती-** मुम्बई की युवती ने बताया कि वह माता-पिता से अलग हॉस्टल में रहती है। 15 दिन पहले इंस्टाग्राम पर विकास से दोस्ती हुई थी। कुछ दिन बातचीत हुई। विकास ने कहा कि शादी करना चाहता है। वह मिलने के लिये मुम्बई से इंदौर आई। जहां से विकास ने बड़नगर बुला लिया था। थाना प्रभारी के अनुसार विकास बैंड बजाने का काम करता है, बड़नगर में एक मकान किराये से ले रखा है। जहां बैंड बजाने वालों को रात में ठहराया जाता है। वर्तमान में शादी के मुहूर्त नहीं होने पर उक्त मकान खाली है। जहां युवती का शोषण किया गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com